श्रीमत्कुन्दकुन्दस्वामिविरचितः

पंचास्तिकायः

श्री परमश्रुत प्रभावक मंडल
श्रीमद् राजचंद्र आश्रम, अगास.

श्रीमद्राजचन्द्रजैनशास्त्रमाला

श्री परमात्मने नमः

श्रीमत्कुन्दकुन्दस्वामिविरचितः

पंचास्तिकायः

तत्त्वप्रदीपिका-तात्पर्यवृत्ति-बालावबोधभाषेति टीकात्रयोपेतः

•

सुजानगढ़ निवासी पन्नालाल बाकलीवालकृत
प्रचलितहिन्दी भाषानुवादसहितः
पाढमनिवासी पण्डित मनोहरलालेन संशोधितश्च ।

प्रकाशक
श्री परमश्रुत प्रभावक मण्डल
श्रीमद् राजचंद्र आश्रम, अगास

वीर निर्वाण संवत् २५१२] ईस्वी सन् १९८६ [विक्रम संवत् २०४२

मूल्य रु० ३२)

प्रकाशक :
मनुभाई भ० मोदी, अध्यक्ष
श्री परमश्रुत प्रभावक मण्डल,
श्रीमद् राजचंद्र आश्रम,
स्टेशन—अगास; वाया—आणंद,
पोस्ट—बोरिया–३८८१३० (गुज०)

[प्रथमावृत्ति प्रति १००० वि० सं० १९६१]
[द्वितीयावृत्ति प्रति १००० वि० सं० १९७२]
[तृतीयावृत्ति प्रति १००० वि० सं० २०२५]
[चतुर्थावृत्ति प्रति १५०० वि० सं० २०४२]

मुद्रक :
वर्द्धमान मुद्रणालय
जवाहरनगर कालोनी,
वाराणसी–२२१००१

प्रकाशकीय निवेदन

श्रीमद्‌भगवत्कुन्दकुन्दाचार्य रचित इस 'पंचास्तिकाय' नामक ग्रन्थका प्रथम संस्करण श्रीपरमश्रुत प्रभावक मण्डलकी ओरसे वि० सं० १९६१ में श्री अमृतचंद्राचार्यकृत 'तत्त्वप्रदीपिका' नामक संस्कृतटीका तथा श्रीमान् पं० पन्नालालजी बाकलीवाल कृत प्रचलित हिन्दी अनुवाद सहित प्रकाशित हुआ था। तत्पश्चात् वि० सं० १९७२ में द्वितीय संस्करण प्रकाशित हुआ जिसमें श्री पं० मनोहर-लालजी शास्त्रीने शब्दार्थ समझनेकी सरलताके लिये श्री जयसेनाचार्यकृत 'तात्पर्यवृत्ति' नामकी संस्कृत टीका तथा सन्दर्भकी सुगमताके लिये विषयानुक्रमणिका तथा गाथानुक्रमणिका जोड़ दी, तथा प्रथम संस्करणमें रही हुई अशुद्धियाँ भी सुधार दी। फिर वि० सं० २०२५ में वही संशोधित सामग्री श्री पं० परमेष्ठीदास न्यायतीर्थकृत नवीन हिंदी भाषामें तृतीय संस्करणके रूपमें प्रकाशित की गई। उसीका यह चतुर्थ संस्करण आज विद्वान पाठकोंके समक्ष रखते हुए हमें अत्यंत प्रसन्नता होती है।

मूलग्रन्थ आचार्यश्रीने प्राकृत भाषाकी १७३ गाथाओंमें रचा है जिस पर कई आचार्योंने अर्थगम्भीर संस्कृत टीकाएँ रची हैं। श्रीमद् राजचंद्रने भी इस ग्रन्थका (मूल प्राकृत गाथाओंका) अविकल (अक्षरशः) अनुवाद गुजराती भाषामें किया है जिसका हिन्दी अनुवाद इस ग्रन्थके अन्तमें परिशिष्टके रूपमें दिया गया है।

श्रीमद् राजचंद्र जैन शास्त्रमालाकी ओरसे अनेक सद्ग्रन्थोंका प्रकाशन हुआ है और हो रहा है। आशा है, पाठकगण इन ग्रन्थोंका पूरा लाभ उठाकर हमें निर्ग्रंथ-प्रवचनकी सेवाका अवसर देते रहेंगे।

—प्रकाशक

प्रस्तावना

(प्रथमावृत्ति)

जासके मुखारविंदते प्रकास भास वृन्द,
स्यादवाद जैनवैन इंदु कुन्दकुन्दसे ।
तासके अभ्यासतें विकास भेदज्ञान होत,
मूढ़ सो लखै नहीं कुबुद्धि कुन्दकुन्दसे ॥
देत हैं असीस सीस नाय इंद चंद जाहि,
मोह-मार-खण्ड-मारतंड कुन्दकुन्दसे ।
सुद्ध-बुद्धि-वृद्धिदा प्रसिद्ध-रिद्धि-सिद्धिदा,
हुए न हैं न होंहिंगे मुनींद कुन्दकुन्दसे ॥

(कविवर वृन्दावन)

आजसे २४३१ वर्ष पहिले अर्थात् सन् ईसवीसे ५२७ वर्ष पहिले इस भारतवर्षकी पुण्यभूमिमें विपुलाचल पर्वत पर जगत्पूज्य परमभट्टारक भगवान् श्री १००८ महावीर (वर्द्धमान) स्वामी मोक्ष मार्गका प्रकाश करनेके लिये समस्त पदार्थोंका स्वरूप अपनी सातिशय दिव्यध्वनि द्वारा प्रगट करते थे। उस समय निकटवर्ती अगणित ऋषि मुनियों द्वारा वंदनीय सप्तऋद्धि और चार ज्ञानके धारक श्रीगौतम (इन्द्रभूति) नामा गणधरदेव भगवद्भाषित समस्त अर्थको धारण करके द्वादशांग श्रुतरूप रचना करते थे। श्रीवर्द्धमानस्वामीके मोक्ष पधारनेके पश्चात् उक्त गौतम स्वामी १ सुधर्माचार्य २ और जम्बूस्वामी ३ ये तीन केवलज्ञानी हुये, सो ६२ वर्ष पर्यन्त श्रीवर्धमान तीर्थंकर भगवान्के समान ही मोक्षमार्गकी यथार्थ प्ररूपणा (उपदेश) करते रहे। इनके पश्चात् क्रमसे विष्णु १ नंदि-मित्र २ अपराजित ३ गोवर्धन ४ और भद्रबाहु ५ ये पाँच श्रुतकेवली द्वादशांगके पारगामी हुये। इन्होंने एकसौ वर्ष पर्यन्त केवली भगवान्के समान ही यथार्थ मोक्षमार्गका उपदेश किया। इनके पश्चात् विशाखाचार्य १ पौष्टिलाचार्य २ क्षत्रिय ३ जयसेन ४ नागसेन ५ सिद्धार्थ ६ धृतिषेण ७ विजय ८ बुद्धिमान् ९ गंगदेव १० धर्मसेन ११ ये ग्यारह मुनि ग्यारह अंग और दश पूर्वके धारक क्रमसे हुये, सो ये भी एकसौ तियासी वर्ष तक मोक्षमार्गका यथार्थ उपदेश देते रहे। इनके पश्चात् नक्षत्र १ जयपाल २ पांडु ३ ध्रुवसेन ४ कंशाचार्य ५ ये पांच महामुनि ग्यारह अंगमात्रके पाठी अनुक्रमसे दोसौ वीस वर्षमें हुये। इनके पश्चात् सुभद्र १ यशोधर २ महायश ३ लोहाचार्य ४ ये चार मुनि एक अंगके पाठी अनुक्रमसे ११८ वर्षमें हुये।

इस प्रकार वर्धमान स्वामीके पश्चात् ६८३ वर्षपर्यन्त अंगज्ञानकी प्रवृत्ति रही। इनके पश्चात् अंगपाठी कोई भी नहीं हुये, किन्तु वर्धमानस्वामीके मोक्ष पधारनेके ६८३ वर्षके पश्चात् दूसरे भद्रबाहु स्वामी अष्टांग निमित्तज्ञान (ज्योतिष) के धारक हुये। इनके समयमें १२ वर्षका दुर्भिक्ष पड़नेसे इनके संघमेंसे अनेक मुनि शिथिलाचारी हो गये और स्वच्छन्द प्रवृत्ति होनेसे जैनमार्ग भ्रष्ट होने लगा, तब भद्रबाहुके शिष्योंमेंसे एक **धरसेन**[1] नामके मुनि हुये जिनको अग्रायणीपूर्वमें पंचमवस्तुके महाप्रकृति नाम चौथे प्राभृतका ज्ञान था, सो इन्होंने अपने शिष्य भूतबली और पुष्पदन्त इन दोनों मुनियोंको पढ़ाया। इन्होंने षट्खंड नामकी सूत्ररचना कर पुस्तकमें लिखा। फिर उन षट्खंडसूत्रोंको अन्यान्य आचार्योंने पढ़कर उनके अनुसार विस्तारसे धवल महाधवल जयधवलादि टीकाग्रंथ (सिद्धान्त-ग्रन्थ) रचे। उन सिद्धान्तग्रन्थोंको नेमिचन्द्र सैद्धान्तिकदेवने पढ़कर लब्धिसार, क्षपणासार, गोमट्ट-सारादि ग्रन्थोंकी रचना की। सो षटखंड सूत्रसे लगाय गोमट्टसार पर्यन्तके ग्रन्थसमूहको **प्रथमश्रुत-स्कंध** वा **सिद्धान्तग्रन्थ** कहते हैं। इन सबमें जीव और कर्मके संयोगसे जो संसार पर्यायें होती हैं उनका विस्तारसे स्वरूप दिखाया गया है। अर्थात् भव्य जीवोंके हितार्थ गुणस्थान मार्गणाओंका वर्णन पर्यायार्थिक नयकी प्रधानतासे समस्त कथन किया है। पर्यायार्थिक नयको अनेकान्त शैलीसे अशुद्ध द्रव्यार्थिक नय तथा आध्यात्मिक दृष्टिसे अशुद्ध निश्चयनय तथा व्यवहारनय भी कहते हैं।

उक्त धरसेनाचार्यके समयमें ही एक गुणधर नामा मुनि हुये। उनको ज्ञानप्रवादपूर्वके दशम वस्तुमें तृतीय प्राभृतका ज्ञान था। उनसे नागहस्त नामा मुनिने उस प्राभृतको पढ़ा और इन दोनों मुनियोंसे फिर यतिनायक नामा मुनिने उक्त प्राभृतको पढ़कर उसकी ६००० चूर्णिकारूप सूत्र रचे, उन सूत्रोंपर समुद्धरण मुनिने १२००० श्लोकोंमें एक विस्तृत टीका रची। सो इस ग्रन्थको श्रीकुन्दकुन्द-स्वामी अपने गुरु जिनचन्द्राचार्यसे पढ़कर पूर्ण रहस्यके ज्ञाता हुए और उसही ग्रन्थके अनुसार कुन्द-कुन्दस्वामीने नाटक समयसार पंचास्तिकाय समयसार प्रवचनसारादि ग्रन्थ[2] रचे। ये सब ग्रन्थ द्वितीय-श्रुतस्कंधके नामसे प्रसिद्ध हैं। इन सबमें ज्ञानको प्रधान करके शुद्ध द्रव्यार्थिकनयका कथन किया गया है अर्थात् अध्यात्मरीतिसे इन ग्रन्थोंमें आत्माका ही अधिकार है इसकारण इस शुद्धद्रव्यार्थिक नयका शुद्ध निश्चयनय वा परमार्थ भी नाम है। इन ग्रन्थोंमें पर्यायार्थिक नयोंकी गौणता की गई है। क्योंकि इस जीवकी जबतक पर्यायबुद्धि रहती है तबतक संसार ही है। और जब शुद्धनयका उपदेश श्रवण करनेसे द्रव्यबुद्धि होकर निज आत्माको अनादि अनन्त एक और परद्रव्य तथा परभावोंके निमित्तसे हुये जो निजभाव तिनसे भिन्न आपको जानकर अपने शुद्ध स्वरूपका अनुभवकर शुद्धोप-योगमें लीन हो तबही कर्मोंका अभावकर यह जीव मोक्षपदको प्राप्त होता है।

पट्टावलियोंके अनुसार ये कुन्दकुन्दस्वामी नन्दिसंघके आचार्योंमें विक्रम संवत् ४९ में हुए हैं तथा पद्मनंदी एलाचार्य गृध्रपिच्छ और वक्रग्रीव ये ४ नाम भी इनहींके प्रसिद्ध किये गये हैं। यद्यपि ये नाम इनहीं के हों तो कोई आश्चर्य नहीं, परन्तु पद्मनंदी आचार्यके बनाये हुये जगत्प्रसिद्ध पद्मनंदिपंच-विंशतिका, व जंबूद्वीपप्रज्ञप्ति आदि ग्रन्थ भी इनके बनाये हुये हैं ऐसा नहीं कहा जा सकता क्योंकि पद्मनंदी नामके आचार्य कई हो गये हैं। जैसे एक तो जम्बूद्वीपप्रज्ञप्तिके कर्त्ता पद्मनंदि हैं जो कि वीरनंदिके शिष्य बलनंदी और बलनंदिके शिष्य पद्मनंदी हैं सो विजयगुरुके निकट वारानगरके शक्ति-

१ इनका बनाया हुआ एक अनेकार्थ कोश ईडरके भण्डारमें प्राप्त हुआ है।

२ इन्होंने ८४ पाहुड़ (प्राभृत) भी रचे हैं जिनमेंसे षट्पाहुड़ तो इस समय प्राप्त हैं।

भूपालके समयमें हुये[1] हैं। दूसरे—पद्मनंदिने पंचविंशतिका, चरणसारप्राकृत, धर्मरसायन प्राकृत, ये तीन ग्रन्थ बनाये हैं इनका समयादि कुछ प्राप्त नहीं हुआ। तीसरे पद्मनंदी कर्णखेट ग्राममें हुये हैं जिन्होंने सुगन्धदशम्युद्यापनादि ग्रन्थ बनाये हैं। चौथे—पद्मनंदी कुण्डलपुर निवासी हुये हैं जिन्होंने चूलिका सिद्धान्तकी व्याख्या वृत्ति नामक १२००० श्लोकोंमें बनाई है। पांचवें—पद्मनंदी विक्रम सं० १३९५ में हुये हैं। छट्ठे पद्मनंदी भट्टारक नामसे प्रसिद्ध हुये हैं जिनकी बनाई रत्नत्रयपूजा देवपूजा पूनाकी दक्षिणकालेज लाइब्रेरीमें प्राप्त हुई है। सातवें—पद्मनंदी विक्रम संवत १३६२ में भट्टारक नामसे हुये हैं इनकी लघुपद्मनंदी संज्ञा भी है। इनके बनाये हुये यत्याचार, आराधनासंग्रह, परमात्मप्रकाशकी टीका, निघंट वैद्यक, श्रावकाचार, कलिकुण्डपार्श्वनाथविधान, अनन्तकथा, रत्नत्रयकथा आदि ग्रन्थ हैं। इस प्रकार एक नामके धारी अनेक आचार्य हो गये हैं। यह सब नाम हमने पूना लाइब्रेरीकी रिपोर्टों परसे संग्रहीत किये हैं। इनमें तथ्य कितना है सो हम नहीं कह सकते और न इनका पृथक्-पृथक् समय निर्णय करनेका ही कोई साधन है। किन्तु इस पंचास्तिकायसमयप्राभृतके कर्त्ता कुन्दकुन्दस्वामी जगतमें प्रसिद्ध हैं। इनके बनाये समस्त ग्रन्थोंको दिगम्बरीय श्वेताम्बरीय दोनों ही पक्षके विद्वद्गण प्रमाणभूत मानकर परम आदरकी दृष्टिसे इनका स्वाध्याय अवलोकनादि करते रहते हैं अर्थात् ऐसा कोई भी जैनी नहीं होगा जो इनके वचनोंमें अश्रद्धा करता हो।

इन आचार्य महाराजके बनाये हुये ग्रन्थोंके पूर्ण ज्ञाता पुरुषार्थसिद्ध्युपाय तत्त्वसारादि ग्रन्थोंके कर्त्ता अमृतचन्द्रसूरि विक्रम संवत ९६२ में नंदिसंघके पट्टीपर हो गये हैं। इन्होंने ही समयप्राभृत (समयसारनाटक) पंचास्तिकायसमयसार प्रवचनसारादि ग्रन्थोंपर परमोत्तम टीकायें रची हैं। इनके सिवाय इस पंचास्तिकाय समयसार पर एक टीका [2]देवजितनामा आचार्यने बनाई है तीसरी टीका विक्रम सं० १३१६ में प्रसिद्ध ग्रन्थकार व टीकाकार प्रभाचन्द्राचार्यने बनाई है चौथी टीका सं० १७७५ में भट्टारक ज्ञानचन्द्रजीने बनाई है और पांचवीं टीका बालचन्द्रमुनिने कर्णाटक भाषामें बनाई है। अन्वेषण करनेसे इस ग्रन्थ पर और भी अनेक टीकायें प्राप्त होना सम्भव है। इनके पश्चात् भाषाकारोंका नम्बर है सो इसका एक भाषानुवाद तो वि० सं० १७१६ में पंडित राजमल्लजीने किया है। दूसरा भाषानुवाद वि० सं० १७०० के लगभग पंडित हेमराजने ३५०० श्लोकोंमें किया है। तीसरा भाषापद्यानुवाद वि० सं० १७१८ में जहानाबाद निवासी कवि हीराचन्दजीने २२०० श्लोकोंमें बनाया है। चौथा भाषापद्यानुवाद वि० सं० १८९१ में [3]विधिचन्दजीने १४०० श्लोकोंमें किया है।

हमको उक्त ग्रन्थोंमेंसे १ प्रति अमृतचन्द्रजी सूरिकृत संस्कृत टीकाकी पदच्छेद छाया व टिप्पणी सहित प्राप्त हुई और तीन प्रति पंडित हेमराजजीकृत ब्रजभाषानुवादकी प्राप्त हुई। जिनमें-से १ प्रति वि० सं० १७४१ की लिखी हुई देवरीनिवासी भाई नाथूराम प्रेमीसे प्राप्त हुई। दूसरी प्रति विना सं० मिती की लिखी खुरई निवासी पंडित खेमचन्द्रजी अध्यापक जैनपाठशाला ईडरसे प्राप्त हुई। तीसरी प्रति सं० १९४१ की लिखी हुइ वीरमगाँव निवासी दोसी बेलसी वीरचंदसे प्राप्त

---

१ यह बात बड़ौदा प्रान्तके करमसद ग्रामके पुस्तकालयस्थ जंबूद्वीपप्रज्ञप्तिकी अंतकी प्रशस्तिमें लिखी है।

२ पिटर्सन साहबकी रिपोर्ट चौथी नं० १४४२ का ग्रंथ।

३ लाहौर निवासी बाबू ज्ञानचन्द्रजीने बुधजन सतसई और बुधजनविलास आदि के कर्त्ता पं० बुधजनजी यही थे। ऐसा प्रगट किया गया है।

हुई। यद्यपि लेखक महाशयोंके प्रमादसे तीनों ही प्रतियाँ अशुद्ध हैं, परन्तु पहली प्रति दूसरी तीसरी से बहुत ही शुद्ध है।

यद्यपि पंडित हेमराजजीकृत यह वचनिका प्राचीन ब्रजभाषापद्धतिके अनुसार बहुत ही उत्तम और बालबोध है परन्तु आजकलके नवीन हिन्दी भाषाके संस्कारक महाशयोंकी दृष्टिमें यह ब्रजभाषा समीचीन नहीं समझी जाती है, तथा सर्वदेशीय भी नहीं समझी जाती, इसकारण मैंने पंडित हेमराजकृत भाषानुवादके अनुसार ही नई सरल हिन्दी भाषामें अविकल अनुवाद किया है। अर्थात् संस्कृतके प्रत्येक पदके पीछे 'कहिये, कहिये, शब्दको उठाने और संस्कृत पदोंको कोष्ठकमें रखनेके अतिरिक्त अपनी ओरसे अर्थमें कुछ भी न्यूनाधिक नहीं किया है। किन्तु जहाँ जहाँ मूलपाठ और अर्थमें लेखकों की भूलसे कुछ छूट गया है तथा अन्यका अन्य हो गया है, उसको मैंने संस्कृत टीकाके अनुसार शुद्ध करके लिखा है। पंचास्तिकायका विषय आध्यात्मिक होनेके कारण कठिन है, इसलिये, तथा प्रतियों की अशुद्धताके कारण प्रमादवशतः मुझ सरीखे अल्पज्ञ द्वारा अशुद्धियां रह जाना सम्भव है, इसकारण विद्वज्जनोंसे प्रार्थना है कि वे उन्हें शुद्ध करके पढें।

स्वर्गीय तत्त्वज्ञानी श्रीमान् रायचन्द्रजी द्वारा स्थापित श्रीपरमश्रुतप्रभावकमण्डलकी ओरसे इस ग्रन्थका जीर्णोद्धार हुआ है, अतएव उक्त मंडलके उत्साही सभासद और प्रबन्धकर्ताओंको इस प्रस्तावनाके अन्तमें कोटिशः धन्यवाद दिये जाते हैं, और श्रीजीसे प्रार्थना की जाती है कि वीतरागदेवप्रणीत उच्च श्रेणीके तत्त्वज्ञानका इच्छित प्रसार करनेमें उक्त मण्डल कृतकार्य होनेको शक्तिवान् होवे।

श्रीमान् शेठ माणिकचन्द पानाचन्दजी जौहरीने अपने भतीजे स्वर्गीय सेठ प्रेमचन्द मोतीचन्द जी के स्मरणार्थ इस ग्रन्थके प्रकाशनमें ३५०) रु० की सहायता देकर विशेष उत्तेजना दी है, अतएव मंडल की ओरसे उक्त विद्योत्साही शेठजी भी विशेष धन्यवादके पात्र हैं।

बम्बई, ता० १०-१२-१९०४ ई०

जैनसमाजका दास,
पन्नालाल बाकलीवाल.

इस युगके महान् तत्त्ववेत्ता

श्रीमद् राजचन्द्र

जिस महापुरुषकी विश्वविहारी प्रज्ञा थी, अनेक जन्मोंमें आराधित जिसका योग था अर्थात् जन्मसे ही योगीश्वर जैसी जिसकी निरपराध वैराग्यमय दशा थो तथा सर्व जीवोंके प्रति जिसका विश्वव्यापी प्रेम था, ऐसे आश्चर्यमूर्ति महात्मा श्रीमद् राजचन्द्रका जन्म महान् तत्त्वज्ञानियोंकी परम्परारूप इस भारतभूमिके गुजरात प्रदेशान्तर्गत सोराष्ट्रके ववाणिया बन्दर नामक एक शान्त रमणीय गाँवके वणिक कुटुम्बमें विक्रम संवत् १९२४ (ईस्वी सन् १८६७) की कार्तिकी पूर्णिमा रविवारको रात्रिके दो बजे हुआ था। इसके पिताका नाम श्री रवजीभाई पंचाणभाई मेहता और माताका नाम श्री देवबाई था। इनके एक छोटा भाई और चार बहनें थीं। श्रीमद्‌जीका प्रेम-नाम 'लक्ष्मीनन्दन' था। बादमें यह नाम बदलकर 'रायचन्द' रखा गया और भविष्यमें आप 'श्रीमद् राजचन्द्र' के नामसे प्रसिद्ध हुए।

बाल्यावस्था, समुच्चय वयचर्या

श्रीमद्‌जीके पितामह श्रीकृष्णके भक्त थे और उनकी माताजी देवबाई जैनसंस्कार लाई थीं। उन सभी संस्कारोंका मिश्रण किसी अद्‌भुत ढंगसे गंगा-यमुनाके संगमकी भाँति हमारे बाल-महात्माके हृदयमें प्रवाहित हो रहा था। अपनी प्रौढ़ वाणीमें बाईस वर्षकी उम्रमें इस बाल्यावस्थाका वर्णन 'समुच्चयवयचर्या' नामके लेखमें उन्होंने स्वयं किया है—

"सात वर्ष तक बालवयकी खेलकूदका अत्यन्त सेवन किया था। खेलकूदमें भी विजय पानेकी और राजेश्वर जैसी उच्च पदवी प्राप्त करनेकी परम अभिलाषा थी। वस्त्र पहननेकी, स्वच्छ रखनेकी, खाने-पोनेकी, सोने-बैठनेकी, सारी विदेही दशा थी; फिर भी अन्तःकरण कोमल था। वह दशा आज भी बहुत याद आती है। आजका विवेकी ज्ञान उस वयमें होता तो मुझे मोक्षके लिये विशेष अभिलाषा न रहती।

सात वर्षसे ग्यारह वर्ष तकका समय शिक्षा लेनेमें बीता। उस समय निरपराध स्मृति होनेसे एक ही बार पाठका अवलोकन करना पड़ता था। स्मृति ऐसी बलवत्तर थी कि वैसी स्मृति बहुत ही थोड़े मनुष्योंमें इस कालमें, इस क्षेत्रमें होगी। पढ़नेमें प्रमादी बहुत था। बातोंमें कुशल, खेलकूदमें रुचिवान और आनन्दी था। जिस समय शिक्षक पाठ पढ़ाता, मात्र उसी समय पढ़कर उसका भावार्थ कह देता। उस समय मुझमें प्रीति—सरल वात्सल्यता—बहुत थी। सबसे ऐक्य चाहता; सबमें भ्रातृभाव हो तभी सुख, इसका मुझे स्वाभाविक ज्ञान था। इस समय कल्पित बातें करनेकी मुझे बहुत आदत थी। आठवें वर्षमें मैंने कविता की थी; जो बादमें जाँचनेपर समाप थी।

अभ्यास इतनी त्वरासे कर सका था कि जिस व्यक्तिने मुझे प्रथम पुस्तकका बोध देना आरम्भ किया था उसीको गुजराती शिक्षण भली-भाँति प्राप्त कर उसी पुस्तकका पुनः मैंने बोध किया था।

मेरे पितामह कृष्णकी भक्ति करते थे। उनसे उस वयमें कृष्णकीर्तनके पद मैंने सुने थे तथा भिन्न-भिन्न अवतारोंके सम्बन्धमें चमत्कार सुने थे, जिससे मुझे भक्तिके साथ-साथ उन अवतारोंमें प्रीति हो गई थी, और रामदासजी नामके साधुके पास मैंने बाल-लीलामें कण्ठी बँधवाई थी। ...उनके सम्प्रदायके महन्त होवें, जगह-जगहपर चमत्कारसे हरिकथा करते होवें और त्यागी होवें तो कितना आनन्द आये? यही कल्पना हुआ



श्रीमद् राजचन्द्र

जन्म : ववाणिया
वि. सं. १९२४ कार्तिक पूर्णिमा, रविवार

देहोत्सर्ग : राजकोट
वि. सं. १९५७ चैत्र वद ५, मंगलवार

करती; तथा कोई वैभवी भूमिका देखता कि समर्थ वैभवशाली होनेकी इच्छा होती।''' गुजराती भाषाकी वाचनमालामें जगतकर्त्ता सम्बन्धी कितने ही स्थलोंमें उपदेश किया है वह मुझे दृढ़ हो गया था, जिससे जैन लोगोंके प्रति मुझे बहुत जुगुप्सा आती थी''''तथा उस समय प्रतिमाके अश्रद्धालु लोगोंकी क्रियाएँ मेरे देखनेमें आई थीं, जिससे वे क्रियाएँ मलिन लगनेसे मैं उनसे डरता था अर्थात् वे मुझे प्रिय न थीं।

लोग मुझे पहलेसे ही समर्थ शक्तिशाली और गाँवका नामांकित विद्यार्थी मानते थे, इसलिये मैं अपनी प्रशंसाके कारण जानबूझकर वैसे मण्डलमें बैठकर अपनी चपल शक्ति दर्शानेका प्रयत्न करता। कण्ठीके लिये बार-बार वे मेरी हास्यपूर्वक टीका करते; फिर भी मैं उनसे वाद करता और उन्हें समझानेका प्रयत्न करता। परन्तु धीरे-धीरे मुझे उनके (जैनके) प्रतिक्रमणसूत्र इत्यादि पुस्तकें पढ़नेके लिये मिलीं; उनमें बहुत विनयपूर्वक जगतके सब जीवोंसे मित्रता चाही है। अतः मेरी प्रीति इसमें भी हुई और उसमें भी रही। धीरे-धीरे यह प्रसंग बढ़ा। फिर भी स्वच्छ रहनेके तथा दूसरे आचार-विचार मुझे वैष्णवोंके प्रिय थे और जगतकर्त्ताकी श्रद्धा थी। उस अरसेमें कण्ठी टूट गयी; इसलिये उसे फिरसे मैंने नहीं बाँधा। उस समय बाँधने न बाँधनेका कोई कारण मैंने ढूँढ़ा न था। यह मेरी तेरह वर्षकी वयचर्या है। फिर मैं अपने पिताकी दूकानपर बैठता और अपने अक्षरोंकी छटाके कारण कच्छ-दरबारके उतारेपर मुझे लिखनेके लिये बुलाते तब मैं वहाँ जाता। दूकानपर मैंने नाना प्रकारकी लीला-लहर की हैं, अनेक पुस्तकें पढ़ी हैं, राम इत्यादिके चरित्रपर कविताएँ रची हैं; सांसारिक तृष्णाएँ की हैं, फिर भी मैंने किसीको न्यून-अधिक दाम नहीं कहा या किसीको न्यून-अधिक तौल कर नहीं दिया, यह मुझे निश्चित याद है।" (पत्रांक ८९)

जातिस्मरणज्ञान और तत्त्वज्ञानकी प्राप्ति

श्रीमद्जी जिस समय सात वर्षके थे उस समय एक महत्त्वपूर्ण प्रसंग उनके जीवनमें बना। उन दिनों ववाणियामें अमीचन्द नामके एक गृहस्थ रहते थे जिनका श्रीमद्जीके प्रति बहुत प्रेम था। एक दिन साँपके काट खानेसे उनकी तत्काल मृत्यु हो गई। यह बात सुनकर श्रीमद्जी पितामहके पास आये और पूछा—'अमीचन्द गुजर गये क्या?' पितामहने सोचा कि मरणकी बात सुननेसे बालक डर जायेगा, अतः उन्होंने, ब्यालू कर ले, ऐसा कहकर वह बात टालनेका प्रयत्न किया। मगर श्रीमद्जी बार-बार वही सवाल करते रहे। आखिर पितामहने कहा—'हाँ, यह बात सच्ची है।' श्रीमद्जीने पूछा—'गुजर जानेका अर्थ क्या?' पितामहने कहा—'उसमेंसे जीव निकल गया, और अब वह चल-फिर या बोल नहीं सकेगा; इसलिये उसे तालाबके पासके स्मशानमें जला देंगे।' श्रीमद्जी थोड़ी देर घरमें इधर-उधर घूमकर छिपे-छिपे तालाबपर गये और तटवर्ती दो शाखावाले बबूलपर चढ़कर देखा तो सचमुच चिता जल रही थी। कितने ही मनुष्य आसपास बैठे हुए थे। यह देखकर उन्हें विचार आया कि ऐसे मनुष्यको जला देना यह कितनी क्रूरता! ऐसा क्यों हुआ? इत्यादि विचार करते हुए परदा हट गया; और उन्हें पूर्वभवोंकी स्मृति हो आई। फिर जब उन्होंने जूनागढ़का गढ़ देखा तब उस (जातिस्मरणज्ञान) में वृद्धि हुई।

इस पूर्वस्मृतिरूप ज्ञानने उनके जीवनमें प्रेरणाका अपूर्व नवीन अध्याय जोड़ा। इसीके प्रतापसे उन्हें छोटी उम्रसे वैराग्य और विवेककी प्राप्ति द्वारा तत्त्वबोध हुआ। पूर्वभवके ज्ञानसे आत्माकी श्रद्धा निश्चल हो गई। सम्वत् १९४९, कार्तिक वद १२ के एक पत्रमें लिखते हैं—"पुनर्जन्म है—जरूर है। इसके लिये 'मैं' अनुभवसे हाँ कहनेमें अचल हूँ। यह वाक्य पूर्वभवके किसी योगका स्मरण होते समय सिद्ध हुआ लिखा है। जिसने पुनर्जन्मादि भाव किये हैं, उस पदार्थको किसी प्रकारसे जानकर यह वाक्य लिखा गया है।" (पत्रांक ४२४)

एक अन्य पत्रमें लिखते हैं--"कितने ही निर्णयोंसे मैं यह मानता हूँ कि इस कालमें भी कोई-कोई महात्मा गतभवको जातिस्मरणज्ञानसे जान सकते हैं; यह जानना कल्पित नहीं किन्तु सम्यक् (यथार्थ) होता है ! उत्कृष्ट संवेग, ज्ञानयोग और सत्संगसे भी यह ज्ञान प्राप्त होता है अर्थात् पूर्वभव प्रत्यक्ष अनुभवमें आ जाता है । जब तक पूर्वभव अनुभवगम्य न हो तब तक आत्मा भविष्यकालके लिये सशंकित धर्मप्रयत्न किया करता है; और ऐसा सशंकित प्रयत्न योग्य सिद्धि नहीं देता ।" (पत्रांक ६४)

अवधान-प्रयोग, स्पर्शनशक्ति

वि० सं० १९४० से श्रीमद्जी अवधान-प्रयोग करने लगे थे । धीरे-धीरे वे [1]शतावधान तक पहुँच गये थे । जामनगरमें बारह और सोलह अवधान करनेपर उन्हें 'हिन्दका हीरा' ऐसा उपनाम मिला था । वि० सं० १९४३ में १९ वर्षकी उम्रमें उन्होंने बम्बईकी एक सार्वजनिक सभामें डॉ० पिटर्सनकी अध्यक्षतामें शतावधानका प्रयोग दिखाकर बड़े-बड़े लोगोंको आश्चर्यमें डाल दिया था । उस समय उपस्थित जनताने उन्हें 'सुवर्णचन्द्रक' प्रदान किया था और 'साक्षात् सरस्वती'की उपाधिसे सम्मानित किया था ।

श्रीमद्जीकी स्पर्शनशक्ति भी अत्यन्त विलक्षण थी । उपरोक्त सभामें उन्हें भिन्न-भिन्न प्रकारके बारह ग्रन्थ दिये गये और उनके नाम भी उन्हें पढ़कर सुना दिये गये । बादमें उनकी आँखोंपर पट्टी बाँधकर जो-जो ग्रन्थ उनके हाथपर रखे गये उन सब ग्रन्थोंके नाम हाथोंसे टटोलकर उन्होंने बता दिये ।

श्रीमद्जीकी इस अद्भुत शक्तिसे प्रभावित होकर तत्कालीन बम्बई हाईकोर्टके मुख्य न्यायाधीश सर चार्ल्स सारजन्टने उन्हें यूरोपमें जाकर वहाँ अपनी शक्तियाँ प्रदर्शित करनेका अनुरोध किया, परन्तु उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया । उन्हें कीर्तिकी इच्छा न थी, बल्कि ऐसी प्रवृत्ति आत्मोन्नतिमें बाधक और सन्मार्गरोधक प्रतीत होनेसे प्रायः बीस वर्षकी उम्रके बाद उन्होंने अवधान-प्रयोग नहीं किये ।

महात्मा गांधीने कहा था

महात्मा गांधीजी श्रीमद्जीको धर्मके सम्बन्धमें अपना मार्गदर्शक मानते थे । वे लिखते हैं—

"मुझपर तीन पुरुषोंने गहरा प्रभाव डाला है—टाल्सटॉय, रस्किन और रायचन्दभाई । टाल्सटॉयने अपनी पुस्तकों द्वारा और उनके साथ थोड़े पत्रव्यवहारसे, रस्किनने अपनी एक ही पुस्तक 'अन्टु दि लास्ट' से—जिसका गुजराती नाम मैंने 'सर्वोदय' रखा है, और रायचन्दभाईने अपने गाढ़ परिचयसे । जब मुझे हिन्दु-धर्ममें शंका पैदा हुई उस समय उसके निवारण करनेमें मदद करनेवाले रायचन्दभाई थे....

जो वैराग्य (अपूर्व अवसर एवो क्यारे आवशे ?) इस काव्यकी कड़ियोंमें झलक रहा है वह मैंने उनके दो वर्षके गाढ़ परिचयमें प्रतिक्षण उनमें देखा है । उनके लेखोंमें एक असाधारणता यह है कि उन्होंने जो अनुभव

---

१. शतावधान अर्थात् सौ कामोंको एक साथ करना । जैसे शतरंज खेलते जाना, मालाके मनके गिनते जाना, जोड़ बाकी गुणाकार एवं भागाकार मनमें गिनते जाना, आठ नई समस्याओंकी पूर्ति करना, सोलह निर्दिष्ट नये विषयोंपर निर्दिष्ट छन्दमें कविता करते जाना, सोलह भाषाओंके अनुक्रमविहीन चारसौ शब्द कर्ताकर्मसहित पुनः अनुक्रमबद्ध कह सुनाना, कतिपय अलंकारोंका विचार, दो कोठोंमें लिखे हुए उल्टे-सीधे अक्षरोंसे कविता करते जाना इत्यादि । एक जगह ऊँचे आसनपर बैठकर इन सब कामोंमें मन और दृष्टिको प्रेरित करना, लिखना नहीं या दुबारा पूछना नहीं और सभी स्मरणमें रखकर इन सौ कामोंको पूर्ण करना । श्रीमद्जी लिखते हैं—"अवधान आत्मशक्तिका कार्य है यह मुझे स्वानुभवसे प्रतीत हुआ है ।" (पत्रांक १८)

किया वही लिखा है। उसमें कहीं भी कृत्रिमता नहीं है। दूसरेपर प्रभाव डालनेके लिये एक पंक्ति भी लिखी हो ऐसा मैंने नहीं देखा।....

खाते, बैठते, सोते, प्रत्येक क्रिया करते उनमें वैराग्य तो होता ही। किसी समय इस जगतके किसी भी वैभवमें उन्हें मोह हुआ हो ऐसा मैंने नहीं देखा।....

व्यवहारकुशलता और धर्मपरायणताका जितना उत्तम मेल मैंने कविमें देखा उतना किसी अन्यमें नहीं देखा।"

'श्रीमद् राजचन्द्र जयन्ती' के प्रसंग पर ईस्वी सन् १९२१ में गांधीजी कहते हैं—"बहुत बार कह और लिख गया हूँ कि मैंने बहुतोंके जीवनमेंसे बहुत कुछ लिया है। परन्तु सबसे अधिक किसीके जीवनमेंसे मैंने ग्रहण किया हो तो वह कवि (श्रीमद्जी) के जीवनमेंसे है। दयाधर्म भी मैंने उनके जीवनमेंसे सीखा है।.... खून करनेवालेसे भी प्रेम करना यह दयाधर्म मुझे कविने सिखाया है।"

गृहस्थाश्रम

वि० सं० १९४४ माघ सुदी १२ को २० वर्षकी आयुमें श्रीमद्जीका शुभ विवाह जौहरी रेवाशंकर जगजीवनदास मेहताके बड़े भाई पोपटलालकी महाभाग्यशाली पुत्री झबकबाईके साथ हुआ था। इसमें दूसरोंकी 'इच्छा' और 'अत्यन्त आग्रह' ही कारणरूप प्रतीत होते हैं। विवाहके एकाध वर्ष बाद लिखे हुए एक लेखमें श्रीमद्जी लिखते हैं—"स्त्रीके सम्बन्धमें किसी भी प्रकारसे रागद्वेष रखनेकी मेरी अंशमात्र इच्छा नहीं है। परन्तु पूर्वोपार्जनसे इच्छाके प्रवर्तनमें अटका हूँ।" (पत्रांक ७८)

सं० १९४६ के पत्रमें लिखते हैं—"तत्त्वज्ञानकी गुप्त गुफाका दर्शन करनेपर गृहाश्रमसे विरक्त होना अधिकतर सूझता है।" (पत्रांक ११३)

श्रीमद्जी गृहवासमें रहते हुए भी अत्यन्त उदासीन थे। उनकी मान्यता थी—"कुटुंबरूपी काजलकी कोठड़ीमें निवास करनेसे संसार बढ़ता है। उसका कितना भी सुधार करो, तो भी एकान्तवाससे जितना संसारका क्षय हो सकता है उसका शतांश भी उस काजलकी कोठड़ीमें रहनेसे नहीं हो सकता, क्योंकि वह कषायका निमित्त है और अनादिकालसे मोहके रहनेका पर्वत है।" (पत्रांक १०३) फिर भी इस प्रतिकूलतामें वे अपने परिणामोंकी पूरी सम्भाल रखकर चले।

सफल एवं प्रामाणिक व्यापारी

श्रीमद्जी २१ वर्षकी उम्रमें व्यापारार्थ ववाणियासे बंबई आये और सेठ रेवाशंकर जगजीवनदासकी दुकानमें भागीदार रहकर जवाहिरातका व्यापार करने लगे। व्यापार करते हुए भी उनका लक्ष्य आत्माकी ओर अधिक था। व्यापारसे अवकाश मिलते ही श्रीमद्जी कोई अपूर्व आत्मविचारणामें लीन हो जाते थे। ज्ञानयोग और कर्मयोगका इनमें यथार्थ समन्वय देखा जाता था। श्रीमद्जीके भागीदार श्री माणेकलाल घेलाभाईने अपने एक वक्तव्यमें कहा था—"व्यापारमें अनेक प्रकारकी कठिनाइयाँ आती थीं, उनके सामने श्रीमद्जी एक अड़ोल पर्वतके समान टिके रहते थे। मैंने उन्हें जड़ वस्तुओंकी चिंतासे चिंतातुर नहीं देखा। वे हमेशा शान्त और गम्भीर रहते थे।"

जवाहिरातके साथ मोतीका व्यापार भी श्रीमद्जीने शुरू किया था और उसमें वे सभी व्यापारियोंमें अधिक विश्वासपात्र माने जाते थे। उस समय एक अरब अपने भाईके साथ मोतीकी आढ़तका धन्धा करता था। छोटे भाईके मनमें आया कि आज मैं भी बड़े भाईकी तरह बड़ा व्यापार करूँ। दलालने उसकी श्रीमद्जीसे भेंट करा दी। उन्होंने कस कर माल खरीदा। पैसे लेकर अरब घर पहुँचा तो उसके बड़े भाईने पत्र

दिखाकर कहा कि वह माल अमुक किमतके बिना नहीं बेचनेकी शर्त की है और तूने यह क्या किया ? यह सुनकर वह घबराया और श्रीमद्जीके पास जाकर गिड़गिड़ाने लगा कि मैं ऐसी आफतमें आ पड़ा हूँ। श्रीमद्जीने तुरन्त माल वापस कर दिया और पैसे गिन लिये। मानो कोई सौदा किया ही न था ऐसा समझकर होनेवाले बहुत नफेको जाने दिया। वह अरब श्रीमद्जीको खुदाके समान मानने लगा।

इसी प्रकारका एक दूसरा प्रसंग उनके करुणामय और निःस्पृही जीवनका ज्वलंत उदाहरण है। एक बार एक व्यापारीके साथ श्रीमद्जीने हीरोंका सौदा किया कि अमुक समयमें निश्चित किये हुए भावसे वह व्यापारी श्रीमद्जीको अमुक हीरे दे। उस विषयका दस्तावेज भी हो गया। परन्तु हुआ ऐसा कि मुद्दतके समय भाव बहुत बढ़ गये। श्रीमद्जी खुद उस व्यापारीके यहाँ जा पहुँचे और उसे चिन्तामग्न देखकर वह दस्तावेज फाड़ डाला और बोले—"भाई, इस चिट्ठी (दस्तावेज) के कारण तुम्हारे हाथ-पाँव बँधे हुए थे। बाजार भाव बढ़ जानेसे तुमसे मेरे साठ-सत्तर हजार रुपये लेने निकलते हैं, परन्तु मैं तुम्हारी स्थिति समझ सकता हूँ। इतने अधिक रुपये मैं तुमसे ले लूँ तो तुम्हारी क्या दशा हो ? परन्तु राजचन्द्र दूध पी सकता है, खून नहीं।" वह व्यापारी कृतज्ञभावसे श्रीमद्जीकी ओर स्तब्ध होकर देखता ही रह गया।

भविष्यवक्ता, निमित्तज्ञानी

श्रीमद्जीका ज्योतिष-सम्बन्धी ज्ञान भी प्रखर था। वे जन्मकुंडली, वर्षफल एवं अन्य चिह्न देखकर भविष्यकी सूचना कर देते थे। श्री जूठाभाई (एक मुमुक्षु) के मरणके बारेमें उन्होंने सवा दो मास पूर्व स्पष्ट बता दिया था। एक बार सं० १९५५ की चैत वदी ८ को मोरबीमें दोपहरके ४ बजे पूर्व दिशाके आकाशमें काले बादल देखे और उन्हें दुष्काल पड़नेका निमित्त जानकर उन्होंने कहा—"ऋतुको सन्निपात हुआ है।" तदनुसार सं० १९५५ का चौमासा कोरा रहा और सं० १९५६ में भयंकर दुष्काल पड़ा। श्रीमद्जी दूसरेके मनकी बातको भी सरलतासे जान लेते थे। यह सब उनकी निर्मल आत्मशक्तिका प्रभाव था।

कवि-लेखक

श्रीमद्जीमें, अपने विचारोंकी अभिव्यक्ति पद्यरूपमें करनेकी सहज क्षमता थी। उन्होंने 'स्त्रीनीतिबोधक', 'सद्बोधशतक', 'आर्यप्रजानी पड़ती', 'हुन्नरकला वधारवा विषे' आदि अनेक कविताएँ केवल आठ वर्षकी वयमें लिखी थीं। नौ वर्षकी आयुमें उन्होंने रामायण और महाभारतकी भी पद्य-रचना की थी जो प्राप्त न हो सकी। इसके अतिरिक्त जो उनका मूल विषय आत्मज्ञान था उसमें उनकी अनेक रचनाएँ हैं। प्रमुखरूपसे 'आत्मसिद्धि', 'अमूल्य तत्त्वविचार', 'भक्तिना वीस दोहरा', 'परमपदप्राप्तिनी भावना (अपूर्व अवसर)', 'मूलमार्ग रहस्य', 'तृष्णानी विचित्रता' है।

'आत्मसिद्धि-शास्त्र'के १४२ दोहोंकी रचना तो श्रीमद्जीने मात्र डेढ़ घंटेमें नड़ियादमें आश्विन वदी १ (गुजराती) सं० १९५२ को २९ वर्षकी उम्रमें की थी। इसमें सम्यग्दर्शनके कारणभूत छः पदोंका बहुत ही सुन्दर पक्षपातरहित वर्णन किया है। यह कृति नित्य स्वाध्यायकी वस्तु है। इसके अंग्रेजीमें भी गद्य-पद्यात्मक अनुवाद प्रगट हो चुके हैं।

गद्य-लेखनमें श्रीमद्जीने 'पुष्पमाला', 'भावनाबोध' और 'मोक्षमाला' की रचना की। इसमें 'मोक्षमाला' तो उनकी अत्यन्त प्रसिद्ध रचना है जिसे उन्होंने १६ वर्ष ५ मासकी आयुमें मात्र तीन दिनमें लिखी थी। इसमें १०८ शिक्षापाठ हैं। आज तो इतनी आयुमें शुद्ध लिखना भी नहीं आता जब कि श्रीमद्जीने एक अपूर्व पुस्तक लिख डाली। पूर्वभवका अभ्यास ही इसमें कारण था। 'मोक्षमाला'के सम्बन्धमें श्रीमद्जी लिखते हैं—"जैनधर्मको यथार्थ समझानेका उसमें प्रयास किया है, जिनोक्त मार्गसे कुछ भी न्यूनाधिक उसमें नहीं कहा

है । वीतराग मार्गमें आबालवृद्धकी रुचि हो, उसके स्वरूपको समझे तथा उसके बीजका हृदयमें रोपण हो, इस हेतुसे इसकी बालावबोधरूप योजना की है ।''

श्री कुन्दकुन्दाचार्यके 'पंचास्तिकाय' ग्रन्थकी मूल गाथाओंका श्रीमद्जीने अविकल (अक्षरशः) गुजराती अनुवाद भी किया है । इसके अतिरिक्त उन्होंने श्री आनन्दघनजीकृत चौबीसीका अर्थ लिखना भी प्रारम्भ किया था, और उसमें प्रथम दो स्तवनोंका अर्थ भी किया था; पर वह अपूर्ण रह गया है । फिर भी इतने से, श्रीमद्जीकी विवेचन शैली कितनी मनोहर और तलस्पर्शी है उसका ख्याल आ जाता है । सूत्रोंका यथार्थ अर्थ समझने-समझानेमें श्रीमद्जीकी निपुणता अजोड़ थी ।

मतमतान्तरके आग्रहसे दूर

श्रीमद्जीकी दृष्टि बड़ी विशाल थी । वे रूढ़ि या अन्धश्रद्धाके कट्टर विरोधी थे । वे मतमतान्तर और कदाग्रहादिसे दूर रहते थे, वीतरागताकी ओर ही उनका लक्ष्य था । उन्होंने आत्मधर्मका ही उपदेश दिया । इसी कारण आज भी भिन्न-भिन्न सम्प्रदायवाले उनके वचनोंका रुचिपूर्वक अभ्यास करते हुए देखे जाते हैं ।

श्रीमद्जी लिखते हैं—

''मूलतत्त्वमें कहीं भी भेद नहीं है, मात्र दृष्टिका भेद है ऐसा मानकर आशय समझकर पवित्र धर्ममें प्रवृत्ति करना ।'' (पुष्पमाला–१४)

''तू चाहे जिस धर्मको मानता हो इसका मुझे पक्षपात नहीं, मात्र कहनेका तात्पर्य यही कि जिस मार्ग से संसारमलका नाश हो उस भक्ति, उस धर्म और उस सदाचारका तू सेवन कर ।'' (पुष्पमाला-१५)

''दुनिया मतभेदके बन्धनसे तत्त्व नहीं पा सकी ।'' (पत्रांक २७)

''जहाँ तहाँसे रागद्वेषरहित होना ही मेरा धर्म है····मैं किसी गच्छमें नहीं हूँ, परन्तु आत्मामें हूँ यह मत भूलियेगा ।'' (पत्रांक ३७)

श्रीमद्जीने प्रीतम, अखा, छोटम, कबीर, सुन्दरदास, सहजानन्द, मुक्तानन्द, नरसिंह मेहता आदि सन्तोंकी वाणीको जहाँ-तहाँ आदर दिया है और उन्हें मार्गानुसारी जीव (तत्त्वप्राप्तिके योग्य आत्मा) कहा है । फिर भी अनुभवपूर्वक उन्होंने जैनशासनकी उत्कृष्टताको स्वीकार किया है—

''श्रीमान वीतराग भगवानोंने जिसका अर्थ निश्चित किया है, जो अचिन्त्य चिन्तामणिस्वरूप, परम-हितकारी, परम अद्भुत, सर्व दुःखोंका निःसंशय आत्यन्तिक क्षय करनेवाला, परम अमृतस्वरूप सर्वोत्कृष्ट शाश्वत है वह धर्म जयवन्त रहे, त्रिकाल जयवन्त रहे । उन श्रीमान् अनन्तचतुष्टयस्थित भगवानका और उस जयवन्त धर्मका आश्रय सदैव कर्तव्य है ।'' (पत्रांक ८४३)

परम वीतरागदशा

श्रीमद्जीकी परम विदेही दशा थी । वे लिखते हैं—

''एक पुराणपुरुष और पुराणपुरुषकी प्रेमसम्पत्तिके सिवाय हमें कुछ रुचिकर नहीं लगता; हमें किसी पदार्थमें रुचिमात्र रही नहीं है····हम देहधारी हैं या नहीं—यह याद करते हैं तब मुश्केलीसे जान पाते हैं ।'' (पत्रांक २५५)

''देह होते हुए भी मनुष्य पूर्ण वीतराग हो सकता है ऐसा हमारा निश्चल अनुभव है । क्योंकि हम भी अवश्य उसी स्थितिको पानेवाले हैं, ऐसा हमारा आत्मा अखण्डतासे कहता है और ऐसा ही है, जरूर ऐसा ही है ।'' (पत्रांक ३३४)

''मान लें कि चरमशरीरीपन इस कालमें नहीं है, तथापि अशरीरी भावसे आत्मस्थिति है तो वह भावनयसे चरमशरीरीपन नहीं, अपितु सिद्धत्व है; और यह अशरीरीभाव इस कालमें नहीं है ऐसा यहाँ कहें तो इस कालमें हम खुद नहीं हैं, ऐसा कहने तुल्य है।'' (पत्रांक ४११)

अहमदाबादमें आगाखानके बँगलेपर श्रीमद्जीने श्री लल्लुजी तथा श्री देवकरणजी मुनिको बुलाकर अन्तिम सूचना देते हुए कहा था—''हमारेमें और वीतरागमें भेद न मानियेगा।''

एकान्तचर्या, परमनिवृत्तिरूप कामना

मोहमयी (बम्बई) नगरीमें व्यापारिक काम करते हुए भी श्रीमद्जी ज्ञानाराधना तो करते ही रहते थे और पत्रों द्वारा मुमुक्षुओंकी शंकाओंका समाधान करते रहते थे; फिर भी बीच-बीचमें पेढ़ीसे विशेष अवकाश लेकर वे एकान्त स्थान, जंगल या पर्वतोंमें पहुँच जाते थे। मुख्यरूपसे वे खंभात, वडवा, काविठा, उत्तरसंडा, नडियाद, वसो, रालज और ईडरमें रहे थे। वे किसी भी स्थान पर बहुत गुप्तरूपसे जाते थे, फिर भी उनकी सुगन्धी छिप नहीं पाती थी। अनेक जिज्ञासु-भ्रमर उनके सत्समागमका लाभ पानेके लिये पीछे-पीछे कहीं भी पहुँच ही जाते थे। ऐसे प्रसंगोंपर हुए बोधका यत्किंचित् संग्रह 'श्रीमद् राजचन्द्र' ग्रन्थमें 'उपदेशछाया', 'उपदेशनोंध' और 'व्याख्यानसार' के नामसे प्रकाशित हुआ है।

यद्यपि श्रीमद्जी गृहवास-व्यापारादिमें रहते हुए भी विदेहीवत् थे, फिर भी उनका अन्तरङ्ग सर्वसंगपरित्याग कर निर्ग्रन्थदशाके लिये छटपटा रहा था। एक पत्रमें वे लिखते हैं—''भरतजीको हिरनके संगसे जन्मकी वृद्धि हुई थी और इस कारणसे जड़भरतके भवमें असंग रहे थे। ऐसे कारणोंसे मुझे भी असंगता बहुत ही याद आती है; और कितनी ही बार तो ऐसा हो जाता है कि उस असंगताके बिना परम दुःख होता है। यम अन्तकालमें प्राणीको दुःखदायक नहीं लगता होगा, परन्तु हमें संग दुःखदायक लगता है।'' (पत्रांक २१७)

फिर हाथनोंधमें वे लिखते हैं—''सर्वसंग महास्रवरूप श्री तीर्थंकरने कहा है सो सत्य है। ऐसी मिश्रगुणस्थानक जैसी स्थिति कहाँ तक रखनी ? जो बात चित्तमें नहीं सो करनी; और जो चित्तमें है उसमें उदास रहना ऐसा व्यवहार किस प्रकारसे हो सकता है ? वैश्यवेषमें और निर्ग्रन्थभावसे रहते हुए कोटि-कोटि विचार हुआ करते हैं।'' (हाथनोंध १-३८) ''आकिंचन्यतासे विचरते हुए एकान्त मौनसे जिनसदृश ध्यानसे तन्मयात्मस्वरूप ऐसा कब होऊँगा ?'' (हाथनोंध १-८७)

संवत् १९५६ में अहमदाबादमें श्रीमद्जीने श्री देवकरणजी मुनिसे कहा था—''हमने सभामें स्त्री और लक्ष्मी दोनोंका त्याग किया है, और सर्वसंगपरित्यागकी आज्ञा माताजी देंगीं ऐसा लगता है।'' और तदनुसार उन्होंने सर्वसंगपरित्यागरूप दीक्षा धारण करनेकी अपनी माताजीसे अनुज्ञा भी ले ली थी। परन्तु उनका शारीरिक स्वास्थ्य दिन-पर-दिन बिगड़ता गया। ऐसे ही अवसरपर किसीने उनसे पूछा—''आपका शरीर कृश क्यों होता जाता है ?'' श्रीमद्जीने उत्तर दिया—''हमारे दो बगीचे हैं, शरीर और आत्मा। हमारा पानी आत्मारूपी बगीचेमें जाता है, इससे शरीररूपी बगीचा सूख रहा है।'' अनेक उपचार करनेपर भी स्वास्थ्य ठीक नहीं हुआ। अन्तिम दिनोंमें एक पत्रमें लिखते हैं—''अत्यन्त त्वरासे प्रवास पूरा करना था, वहाँ बीचमें सहराका रेगिस्तान संप्राप्त हुआ। सिर पर बहुत बोझ रहा था उसे आत्मवीर्यसे जिस प्रकार अल्पकालमें वेदन कर लिया जाय उस प्रकार प्रयत्न करते हुए, पैरोंने निकाचित उदयरूप थकान ग्रहण की। जो स्वरूप है वह अन्यथा नहीं होता यही अद्भुत आश्चर्य है। अव्याबाध स्थिरता है।'' (पत्रांक ९५१)

अन्त समय

स्थिति और भी गिरती गई। शरीरका वजन १३२ पौंडसे घटकर मात्र ४३ पौंड रह गया। शायद उनका अधिक जीवन कालको पसन्द नहीं था। देहत्यागके पहले दिन शामको अपने छोटे भाई मनसुखलाल आदिसे कहा—"तुम निश्चिन्त रहना। यह आत्मा शाश्वत है। अवश्य विशेष उत्तम गतिको प्राप्त होनेवाला है। तुम शान्ति और समाधिपूर्वक रहना। जो रत्नमय ज्ञानवाणी इस देहके द्वारा कही जा सकनेवाली थी उसे कहनेका समय नहीं है। तुम पुरुषार्थ करना।" रात्रिको ढाई बजे वे फिर बोले—"निश्चिन्त रहना, भाईका समाधिमरण है।" अवसानके दिन प्रातः पौने नौ बजे कहा—"मनसुख, दुःखी न होना। मैं अपने आत्म-स्वरूपमें लीन होता हूँ।" फिर वे नहीं बोले। इस प्रकार पाँच घण्टे तक समाधिमें रहकर संवत् १९५७ की चैत्र वदी ५ (गुजराती) मंगलवारको दोपहरके दो बजे राजकोटमें इस नश्वर शरीरका त्याग करके उत्तम गतिको प्राप्त हुए। भारतभूमि एक अनुपम तत्त्वज्ञानी सन्तको खो बैठी। उनके देहावसानके समाचारसे मुमुक्षुओंमें अत्यन्त शोकके बादल छा गये। जिन-जिन पुरुषोंको जितने प्रमाणमें उन महात्माकी पहचान हुई थी उतने प्रमाणमें उनका वियोग उन्हें अनुभूत हुआ था।

उनकी स्मृतिमें शास्त्रमालाकी स्थापना

वि० सं० १९५६ के भादों मासमें परम सत्श्रुतके प्रचार हेतु बम्बईमें श्रीमद्जीने श्रीपरमश्रुतप्रभावक-मण्डलकी स्थापना की थी। श्रीमद्जीके देहोत्सर्गके बाद उनकी स्मृतिस्वरूप 'श्रीमद्राजचन्द्रजैनशास्त्रमाला'की स्थापना की गई जिसके अन्तर्गत दोनों सम्प्रदायोंके अनेक सद्ग्रन्थोंका प्रकाशन हुआ है जो तत्त्वविचारकोंके लिये इस दुषमकालको बितानेमें परम उपयोगी और अनन्य आधाररूप है। महात्मा गांधीजी इस संस्थाके ट्रस्टी और श्री रेवाशंकर जगजीवनदास मुख्य कार्यकर्त्ता थे। श्री रेवाशंकरके देहोत्सर्ग बाद संस्थामें कुछ शिथिलता आ गई थी परन्तु अब उस संस्थाका काम श्रीमद् राजचन्द्र आश्रम अगासके ट्रस्टियोंने सम्भाल लिया है और सुचारुरूपसे पूर्वानुसार सभी कार्य चल रहा है।

श्रीमद्जीके स्मारक

श्रीमद्जीके अनन्य भक्त आत्मनिष्ठ श्री लघुराजस्वामी (श्री लल्लुजी मुनि)की प्रेरणासे श्रीमद्जीके स्मारकके रूपमें और भक्तिधामके रूपमें वि० सं० १९७६ की कार्तिकी पूर्णिमाको अगास स्टेशनके पास 'श्रीमद् राजचन्द्र आश्रम'की स्थापना हुई थी। श्री लघुराज स्वामीके चौदह चातुर्मासोंसे पावन हुआ यह आश्रम आज बढ़ते-बढ़ते गोकुल-सा गाँव बन गया है। श्री स्वामीजी द्वारा योजित सत्संगभक्तिका क्रम आज भी यहाँपर उनकी आज्ञानुसार चल रहा है। धार्मिक जीवनका परिचय करानेवाला यह उत्तम तीर्थ बन गया है। संक्षेपमें यह तपोवनका नमूना है। श्रीमद्जीके तत्त्वज्ञानपूर्ण साहित्यका भी मुख्यतः यहींसे प्रकाशन होता है। इस प्रकार यह श्रीमद्जीका मुख्य जीवन्त स्मारक है।


इसके अतिरिक्त वर्तमानमें निम्नलिखित स्थानोंपर श्रीमद् राजचन्द्र मन्दिर आदि संस्थाएँ स्थापित हैं जहाँपर मुमुक्षु-बन्धु मिलकर आत्म-कल्याणार्थ वीतराग-तत्त्वज्ञानका लाभ उठाते हैं—ववाणिया, राजकोट, मोरबी, वडवा, खम्भात, काविठा, सीमरडा, वडाली, भादरण, नार, सुणाव, नरोडा, सडोदरा, धामण, सायला, अहमदाबाद, ईडर, सुरेन्द्रनगर, वसो, वटामण, उत्तरसंडा, बोरसद, बम्बई (घाटकोपर एवं चौपाटी), देवलाली, बैंगलोर, इन्दोर, आहोर (राजस्थान), सिवाना (राजस्थान), मोम्बासा (आफ्रिका) इत्यादि।

अन्तिम प्रशस्ति

आज उनका पार्थिव देह हमारे बीच नहीं है मगर उनका अक्षरदेह तो सदाके लिये अमर है। उनके मूल पत्रों तथा लेखोंका संग्रह गुर्जरभाषामें 'श्रीमद् राजचन्द्र' ग्रन्थमें प्रकाशित हो चुका है (जिसका हिन्दी अनुवाद भी प्रकट हो चुका है) वहीं मुमुक्षुओंके लिये मार्गदर्शक और अवलम्बनरूप है। एक-एक पत्रमें कोई अपूर्व रहस्य भरा हुआ है। उसका मर्म समझनेके लिये सन्तसमागमकी विशेष आवश्यकता है। इन पत्रोंमें श्रीमद्जीका पारमार्थिक जीवन जहाँ-तहाँ दृष्टिगोचर होता है। इसके अलावा उनके जीवनके अनेक प्रेरक प्रसंग जानने योग्य है, जिसका विशद वर्णन श्रीमद् राजचन्द्र आश्रम प्रकाशित 'श्रीमद् राजचन्द्र जीवनकला'में किया हुआ है (जिसका हिन्दी अनुवाद भी प्रकट हो चुका है)। यहाँपर तो स्थानाभावसे उस महान विभूतिके जीवनका विहंगावलोकनमात्र किया गया है।

श्रीमद् लघुराजस्वामी (श्री प्रभुश्रीजी) 'श्री सद्गुरुप्रसाद' ग्रन्थकी प्रस्तावनामें श्रीमद्के प्रति अपना हृदयोद्गार इन शब्दोंमें प्रकट करते हैं—"अपरमार्थमें परमार्थके दृढ़ आग्रहरूप अनेक सूक्ष्म भूलभूलैयाँके प्रसंग दिखाकर, इस दासके दोष दूर करनेमें इन आप्त पुरुषका परम सत्संग और उत्तम बोध प्रबल उपकारक बने हैं....संजीवनी औषध समान मृतको जीवित करें, ऐसे उनके प्रबल पुरुषार्थ जागृत करनेवाले वचनोंका माहात्म्य विशेष-विशेष भास्यमान होनेके साथ ठेठ मोक्षमें ले जाय ऐसी सम्यक् समझ (दर्शन) उस पुरुष और उनके बोधकी प्रतीतिसे प्राप्त होती है; वे इस दुषम कलिकालमें आश्चर्यकारी अवलम्बन है। परम माहात्म्यवन्त सद्गुरु श्रीमद् राजचन्द्रदेवके वचनोंमें तल्लीनता, श्रद्धा जिसे प्राप्त हुई हैं या होगी उसका महद् भाग्य है। वह भव्य जीव अल्पकालमें मोक्ष पाने योग्य है।"

ऐसे महात्माको हमारे अगणित वन्दन हों!



पंचास्तिकायस्य वर्णानुक्रमेण गाथासूची

ॐ

द्रव्यानुयोग परम गंभीर और सूक्ष्म है, निर्ग्रंथ प्रवचनका रहस्य है, शुक्लध्यानका अनन्य कारण है। शुक्लध्यानसे केवलज्ञान समुत्पन्न होता है। महाभाग्यसे उस द्रव्यानुयोगकी प्राप्ति होती है।

दर्शनमोहका अनुभाग घटनेसे अथवा नष्ट होनेसे, विषयके प्रति उदासीनता से और महत्पुरुषके चरणकमलकी उपासनाके बलसे द्रव्यानुयोग परिणत होता है।

ज्यों ज्यों संयम वर्धमान होता है, त्यों त्यों द्रव्यानुयोग यथार्थ परिणत होता है। संयमको वृद्धिका कारण सम्यक्दर्शनकी निर्मलता है, उसका कारण भी 'द्रव्यानुयोग' होता है।

सामान्यतः द्रव्यानुयोगकी योग्यता प्राप्त करना दुर्लभ है। आत्मारामपरिणामी, परमवीतरागदृष्टिवान्, परम असंग ऐसे महात्मा पुरुष उसके मुख्य पात्र है।

किसी महत्पुरुषके मननके लिये [1]पंचास्तिकायका संक्षिप्त स्वरूप लिखा था; उसे मननके लिये इसके साथ भेजा है।

हे आर्य! द्रव्यानुयोगका फल सर्व भावसे विराम पानेरूप संयम है। इस पुरुषके ये वचन अंतःकरणमें तू कभी भी शिथिल मत करना। अधिक क्या? समाधिका रहस्य यही है। सर्व दुःखसे मुक्त होनेका अनन्य उपाय यही है।

❀ ❀ ❀

यदि मन शंकाशील हो गया हो तो 'द्रव्यानुयोग' विचारना योग्य है; प्रमादी हो गया हो तो 'चरणकरणानुयोग' विचारना योग्य है; और कषायी हो गया हो तो 'धर्मकथानुयोग' विचारना योग्य है; जड हो गया हो तो 'गणितानुयोग' विचारना योग्य है।

—श्रीमद् राजचन्द्र

---

१ देखिये, इसी ग्रंथमें, पृष्ठ २५६ पर।

अथ पंचास्तिकायस्य विषयानुक्रमणिका

श्रीमत्कुंदकुंदस्वामिविरचितः

पंचास्तिकायः

श्रीवीतरागाय नमः

श्रीमत्कुन्दकुन्दाचार्यविरचितः

पंचास्तिकायः

(टीकात्रयोपेतः)

श्रीमदमृतचन्द्राचार्यकृता तत्त्वप्रदीपिकावृत्तिः

सहजानन्दचैतन्यप्रकाशाय महीयसे[१] ।
नमोऽनेकान्तविश्रान्तमहिम्ने[२] परमात्मने ॥१॥
दुर्निवारनयानीकविरोधध्वंसनौषधिः ।
स्यात्कारजीविता जीयाज्जैनीसिद्धान्तपद्धतिः ॥२॥

श्रीजयसेनाचार्यकृततात्पर्यवृत्तिः

स्वसंवेदनसिद्धाय जिनाय परमात्मने ।
शुद्धजीवास्तिकायाय नित्यानंदचिदे नमः ॥१॥

अथ श्रीकुमारनन्दिसिद्धान्तदेवशिष्यैः प्रसिद्धकथान्यायेन पूर्वविदेहं गत्वा वीतरागसर्वज्ञश्रीमंदरस्वामितीर्थंकरपरमदेवं दृष्ट्वा तन्मुखकमलविनिर्गतदिव्यवाणीश्रवणावधारितपदार्थाच्छुद्धात्मतत्त्वादिसार्थं गृहीत्वा पुनरप्यागतैः श्रीमत्कुन्दकुन्दाचार्यदेवैः पद्मनन्द्याद्यपराभिधेयैरन्तस्तत्त्वबहिस्तत्त्वगौणमुख्यप्रतिपत्त्यर्थं, अथवा शिवकुमारमहाराजादिसंक्षेपरुचिशिष्यप्रतिबोधनार्थं विरचिते पञ्चास्तिकायप्राभृतशास्त्रे यथाक्रमेणाधिकारशुद्धिपूर्वकं तात्पर्यार्थव्याख्यानं कथ्यते । अथ प्रथमतः

श्रीपांडे हेमराजजीकृत बालावबोधभाषाटीका

[**जिनेभ्यो नमः**] सर्वज्ञ वीतरागको नमस्कार होहु । अनादि चतुर्गति संसारके कारण, रागद्वेषमोहजनित अनेक दुःखोंको उपजानेवाले जो कर्मरूपी शत्रु तिनको जीतनहारे होयँ सो ही जिन हैं,

१ पूज्याय गरिष्ठाय वा, २ द्रव्यार्थिक-पर्यायार्थिक-भेदेन वा व्यवहारनिश्चयेन ।

सम्यग्ज्ञानामलज्योतिर्जननी द्विनयाश्रया ।
अथातः समयव्याख्या [१]संक्षेपेणाऽभि[२]धीयते ॥३॥

पञ्चास्तिकायषड्द्रव्यप्रकारेण प्ररूपणं ।
[३]पूर्वं मूलपदार्थानामिह[४] सूत्र[५]कृता कृतम् ॥४॥

जीवाजीवद्विपर्यायरूपाणां चित्रवर्त्मनाम् ।
ततो नवपदार्थानां व्यवस्था [६] प्रतिपादिता ॥५॥

ततस्तत्त्वपरिज्ञानपूर्वेण[७] त्रितयात्मना ।
प्रोक्ता मार्गेण कल्याणी मोक्षप्राप्तिरपश्चिमा[८] ॥६॥

अथात्र 'नमो जिनेभ्यः'[९] इत्यनेन[१०] जिनभावनमस्काररूपमसाधारणं[११] शास्त्रस्याऽऽदौ [१२]मङ्गलमुपात्तं:—

इन्दसदवंदियाणं तिहुअणहिदमधुरविसदवक्काणं ।
अंतातीदगुणाणं णमो जिणाणं जिदभवाणं ॥१॥

इन्द्रशतवन्दितेभ्यस्त्रिभुवनहितमधुरविशदवाक्येभ्यः ।
अन्तातीतगुणेभ्यो नमो जिनेभ्यो जितभवेभ्यः ॥१॥

अनादिना संतानेन प्रवर्त्तमाना अनादिनैव संतानेन प्रवर्त्तमानैरिन्द्राणां शतैर्वन्दिता ये इत्यनेन[१३] सर्वदैव देवाधिदेवत्वात्तेषा[१४]मेवा[१५]ऽसाधारणनमस्कारार्हत्वमुक्तम् ।

इन्द्रशतवन्दितेभ्य इत्यादि जिनभावनमस्काररूपमसाधारणं शास्त्रस्यादौ मंगलं कथयामीत्यभिप्रायं मनसि धृत्वा सूत्रमिदं प्रतिपादयति;—"णमो जिणाण" मित्यादिपदखण्डनरूपेण व्याख्यानं क्रियते, **णमो जिणाणं** नमः नमस्कारोऽस्तु । केभ्यः । जिनेभ्यः । कथंभूतेभ्यः । **इंदसयवंदियाणं** इन्द्रशतवन्दितेभ्यः । पुनरपि कथंभूतेभ्यः । **तिहुवणहिदमहुरविसदवक्काणं** त्रिभुवनहितमधुरविशदवाक्येभ्यः । पुनरपि किंविशिष्टेभ्यः । **अंतातीदगुणाणं** अन्तातीतगुणेभ्यः । पुनरपि । **जिदभवाणं** जित-

---

तिस ही जिनपदको नमस्कार करना योग्य है । अन्य कोई भी देव वंदनीक नहीं हैं, क्योंकि अन्य देवोंका स्वरूप रागद्वेषरूप होता है । और जिनपद वीतराग है, इस कारण कुन्दकुन्दाचार्यने इनको ही नमस्कार किया है । ये ही परम मंगलस्वरूप हैं । कैसे हैं सर्वज्ञ वीतरागदेव ? [**इन्द्रशतवन्दितेभ्यः**] सौ इन्द्रोंकर वन्दनीक हैं; अर्थात् भवनवासी देवोंके ४० इन्द्र, व्यन्तर देवोंके ३२, कल्पवासी देवोंके

---

१ समुच्चयेन. २ कथ्यते. ३ तावत् प्रथमतः पञ्चास्तिकायषड्द्रव्यप्रतिपादनरूपेण प्रथमोऽधिकारः. ४ इह ग्रन्थे प्रथमाधिकारे वा. ५ आचार्येण, (मूलकर्त्ता श्रीवर्धमानः, उत्तरकर्ता श्रीगौतमगणधरः, उत्तरोत्तरकर्ता श्रीकुन्दकुन्दाचार्यः सूत्रकारः) ६ सप्ततत्वनवपदार्थव्याख्यानरूपेण द्वितीयोऽधिकारः. ७ पञ्चास्तिकायषड्द्रव्यनवपदार्थानां ज्ञानपूर्वेण. ८ उत्तमा. ९ अनेकभवगहनव्यसनप्रापणहेतून् कर्म्मारातीन् जयन्तीति जिनाः तेभ्यः. १० नमस्कारेण. ११ असदृशम्, १२ मलं पापं गालयतीति मङ्गलम्, वा मङ्गं सुखं तल्लाति गृह्णातीति मङ्गलं. १३ विशेषणेन वाक्येन वा. १४ जिनानाम्. १५ अनन्यसदृशम् ।

त्रिभुवनमूर्ध्वाधोमध्यलोकवर्ती समस्त एव जीवलोकस्तस्मै[1] निर्व्याबाधविशुद्धात्मतत्त्वोपलम्भोपायाभिधायित्वाद्धितं। परमार्थरसिकजनमनोहारित्वान्मधुरम्[2]। निरस्त-

---

भवेभ्यः, इति क्रियाकारकसंबन्धः। इन्द्रशतवन्दितेभ्यः त्रिभुवनहितमधुरविशदवाक्येभ्यः अन्तातीतगुणेभ्यो नमो जिनेभ्यो जितभवेभ्यः। "पदयोर्विवक्षितः सुविनसमासान्तरयो" रिति परिभाषासूत्रबलेन विवक्षितस्य संधिर्भवतीति वचनात्प्राथमिकशिष्यप्रतिसुखबोधार्थमत्र ग्रन्थे संधेर्नियमो नास्तीति सर्वत्र ज्ञातव्यं। एवं विशेषणचतुष्टययुक्तेभ्यो जिनेभ्यो नमः इत्यनेन मंगलार्थमनन्तज्ञानादिगुणस्मरणरूपो भावनमस्कारोस्त्विति संग्रहवाक्यं। अथैव कथ्यते इन्द्रशतैर्वन्दिता इन्द्रशतवन्दितास्तेभ्य इत्यनेन पूजातिशयप्रतिपादनार्थं। किमुक्तं भवति—त एवेन्द्रशतनमस्कारार्हा नान्ये। कस्मात्। तेषां देवासुरादियुद्धदर्शनात्। त्रिभुवनाय शुद्धात्मरूपप्राप्त्युपायप्रतिपादकत्वाद्धितं, वीतरागनिर्विकल्पसमाधिसंजातसहजापूर्वपरमानन्दरूपपारमार्थिकसुखरसास्वादपरमसमरसीभावरसिकजनमनोहारित्वान्मधुरं चलितप्रतिपत्तिगच्छत्तृणस्पर्शशुक्तिकारजतविज्ञानरूपसंशयविमोहविभ्रमरहितत्वेन शुद्धजीवास्तिकायादिसप्ततत्त्वनवपदार्थषड्द्रव्यपञ्चास्तिकायप्रतिपादकत्वात् अथवा पूर्वापरविरोधादिदोषरहितत्वात् अथवा कर्णाटमागधमालवलाटगौडगुर्जरप्रत्येकं त्रयमित्यष्टादशमहाभाषासप्तशतक्षुल्लकभाषातदन्तर्भेदगतबहुभाषारूपेण युगपत्सर्वजीवानां स्वकीयस्वकीयभाषायाः स्पष्टार्थप्रतिपादकत्वात्प्रतिपत्तिकारकत्वात् सर्वजीवानां ज्ञापकत्वात् विशदं स्पष्टं व्यक्तं वाक्यं दिव्यध्वनिर्येषां त्रिभुवनहितमधुरविषदवाक्यास्तेभ्यः। तथाचोक्तं। "यत्सर्वात्महितं न वर्णसहितं न स्पन्दितोष्ठद्वयं, नो वांछा-

---

२४, ज्योतिषी देवोंके २, मनुष्योंका १, और तिर्यंचोंका १, इस प्रकार सौ इन्द्र[3] अनादिकालसे वर्तते हैं, सर्वज्ञ वीतराग देव भी अनादि कालसे हैं, इस कारण १०० इन्द्रोंकर नित्य ही वंदनीय हैं, अर्थात् देवाधिदेव त्रैलोक्यनाथ हैं। फिर कैसे हैं? [**त्रिभुवनहितमधुरविशदवाक्येभ्यः**] तीन लोकके जीवोंके हित करनेवाले मधुर (मिष्ट-प्रिय) और विशद कहिये निर्मल हैं वाक्य जिनके ऐसे हैं। अर्थात् स्वर्गलोक, मध्यलोक, अधोलोकवर्ती जो समस्त जीव हैं, तिनको अखंडित निर्मल आत्मतत्त्वकी प्राप्ति के लिये अनेक प्रकारके उपाय बताते हैं, इस कारण हितरूप हैं। तथा वे ही वचन मिष्ट हैं, क्योंकि जो परमार्थी रसिक जन हैं, तिनके मनको हरते हैं, इस कारण अतिशय मिष्ट (प्रिय) हैं। और वे ही वचन निर्मल हैं, क्योंकि जिन वचनोंमें संशय, विमोह, विभ्रम, ये तीन दोष वा पूर्वापर विरोधरूपी दोष नहीं लगते हैं; इस कारण निर्मल हैं। ये ही (जिनेन्द्र भगवान्‌के अनेकान्तरूप) वचन समस्त वस्तुओंके स्वरूपको यथार्थ दिखाते हैं; इस कारण प्रमाणभूत हैं; और जो अनुभवी पुरुष हैं, वे ही इन वचनोंको अंगीकार करनेके पात्र हैं। फिर कैसे हैं जिन? [**अन्तातीतगुणेभ्यः**] अन्तरहित हैं गुण जिनके, अर्थात् क्षेत्रकर तथा कालकर जिनकी मर्यादा (अन्त) नहीं, ऐसे परम चैतन्य शक्तिरूप समस्त वस्तुओंको प्रकाश करनेवाले अनन्त ज्ञान अनन्त दर्शनादि गुणोंका अन्त (पार) नहीं है।

---

१. जीवलोकाय त्रिभुवनाय, २. वीतरागनिर्विकल्पसमाधिसंजातसहजापूर्वपरमानन्दरूपपारमार्थिकसुखरसास्वादसमरसीभावरसिकजनमनोहारित्वात् मधुरम्, ३. "भवणालयचालीसा वितरदेवाण होंति बत्तीसा। कप्पामरचउवीसा चंदो सूरो णरो तिरिओ ॥१॥"

समस्तशकादिदोषास्पदत्वाद्विशदवाक्यम् । दिव्यो ध्वनिर्येषामित्यनेन समस्तवस्तुयाथात्म्योपदेशित्वात्प्रेक्षावत्प्रतीक्ष्यत्वमाख्यातम् । अन्तमतीतः क्षेत्रानवच्छिन्नः काला-

कलितं न दोषमलिनं नोच्छ्वासरुद्धक्रमं । शान्तामर्षविषैः समं पशुगणैराकर्णितं कर्णिभिस्तन्नः सर्वविदो विनष्टविपदः पायादपूर्वं वचः ॥१॥" इत्यनेन वचनातिशयप्रतिपादनेन तद्वचनमेव प्रमाणं न चैकान्तेनापौरुषेयवचनं न चित्रकथाकल्पितपुराणवचनं चेतीत्युक्तं भवति । अन्तातीतद्रव्यक्षेत्रकालभावपरिच्छेदकत्वादन्तातीतं केवलज्ञानगुणः स विद्यते येषां तेन्तातीतगुणास्तेभ्य इत्यनेन ज्ञानातिशयप्रतिपादनेन बुद्धयादिसर्द्धिमतिज्ञानादिचतुर्विधज्ञानसंपन्नानामपि गणधरदेवादियोगीन्द्राणां वंद्यास्ते भवन्तीत्युक्तं । जितो भवः पञ्चप्रकारसंसार आजवं जवो यैस्ते जितभवास्तेभ्य इत्यनेन घातिकर्मापायातिशयप्रतिपादनेन कृतकृत्यत्वप्रकटनादन्येषामकृतकृत्यानां त एव शरणं नान्य इति प्रतिपादितं भवति । एवं विशेषणचतुष्टययुक्तेभ्यो नमः । इत्यनेन मंगलार्थमनंतज्ञानादिगुणस्मरणरूपो भावनमस्कारः कृतः । इदं विशेषणचतुष्टयं अनेकभवगहनविषयव्यसनप्रापणहेतून् कर्मारातीन् जयतीति जिनः इति व्युत्पत्तिपक्षे श्वेतशंखवत्स्वरूपकथनार्थं, अव्युत्पत्तिपक्षे नामजिनव्यवच्छेदनार्थं । एवं विशेष्यविशेषणसंबंधरूपेण शब्दार्थः कथितः । अनन्तज्ञानादिगुणस्मरणरूपभावनमस्कारोऽशुद्धनिश्चयनयेन, नमो जिनेभ्य इति वचनात्मकद्रव्यनमस्कारोप्यसद्भूतव्यवहारनयेन, शुद्धनिश्चयनयेन स्वस्मिन्नेवाराध्याराधकभाव इति नयार्थोप्युक्तः । त एव नमस्कारार्हा नान्ये चैत्यादिरूपेण मतार्थोप्युक्तः । इन्द्रशतवन्दिता इत्यागमार्थः प्रसिद्ध एव । अनन्तज्ञानादिगुणयुक्तशुद्धजीवास्तिकायमेवोपादेय इति भावार्थः । अनेन प्रकारेण शब्दनयमतागमभावार्थः । अनेन प्रकारेण शब्दनयमतागमभावार्थं व्याख्यानकाले सर्वत्र योजनीयमिति संक्षेपेण मंगलार्थमिष्टदेवतानमस्कारः कृतः । मंगलमुपलक्षणं निमित्तहेतुपरिमाणनामकर्तृरूपा पञ्चाधिकाराः यथासंभवं वक्तव्याः । इदानीं पुनर्विस्तररुचिशिष्याणां व्यवहारनयमाश्रित्य यथाक्रमेण मंगलादिषडधिकाराणामियत्तापरिमितविशेषणव्याख्यानं क्रियते—"**मंगलणिमित्तहेऊ परिमाणा णाम तह य कत्तारं । वागरिय छप्पि पच्छा वक्खाणउ सत्थमाइरिओ ॥१॥**" **वक्खाणउ** व्याख्यातु । स कः कर्त्ता । **आइरिओ** आचार्यः । किं । **सत्थं** शास्त्रं **पच्छा** पश्चात् । किं कृत्वा पूर्वं । **वागरिय** व्याकृत्य व्याख्याय । कान् । **छप्पि** षडपि **मंगलणिमित्तहेऊ परिमाणा णाम तह य कत्तारं** मंगलनिमित्तहेतुपरिमाणनामकर्तृत्वाधिकाराणीति । तद्यथा—मलं पापं गालयति विध्वंसयतीति मंगलं, अथवा मंगं पुण्यं सुखं तल्लाति आदत्ते गृह्णाति वा मंगलं । चतुष्टयफलं समीक्ष्यमाणा ग्रन्थकाराः शास्त्रस्यादौ त्रिधा देवतायास्त्रेधा नमस्कारं कुर्वन्ति मंगलार्थं ॥

फिर कैसे हैं जिन ? [**जितभवेभ्यः**] जीता है पंचपरावर्त्तनरूप अनादि संसार जिन्होंने, अर्थात्—

१. यः सर्वाणि चराचराणि विविधद्रव्याणि तेषां गुणान्, पर्यायानपि भूतभाविभवतः सर्वान् सदा सर्वतः । जानीते युगपत् प्रतिक्षणमतः सर्वज्ञ इत्युच्यते, सर्वज्ञाय जिनेश्वराय महते वीराय तस्मै नमः ॥१॥

नवच्छिन्नश्च परमचैतन्य-शक्तिविलासलक्षणो गुणो येषामित्यनेन तु परमाद्भुतज्ञा-

"नास्तिक्यपरिहारस्तु शिष्टाचारप्रपालनम्। पुण्यावाप्तिश्च निर्विघ्नं शास्त्रादौ तेन संस्तुतिः ॥१॥" त्रिधा देवता कथ्यते। केन। इष्टाधिकृतताभिमतभेदेन। आशीर्वस्तुनमस्क्रियाभेदेन नमस्कारस्त्रिधा। तच्च मंगलं द्विविधं मुख्यामुख्यभेदेन। तत्र मुख्यमंगलं कथ्यते "आदौ मध्येऽवसाने च मंगलं भाषितं बुधैः। तज्जिनेन्द्रगुणस्तोत्रं तदविघ्नप्रसिद्धये ॥१॥" तथाचोक्तं। "विघ्नाः प्रणश्यन्ति भयं न जातु, न क्षुद्रदेवाः परिलंघयन्ति। अर्थान् यथेष्टांश्च सदा लभन्ते, जिनोत्तमानां परिकीर्तनेन ॥" "आई मंगलकरणे सिस्सा लहु पारगा हवंतित्ती। मज्झे अव्वुच्छित्ती विज्जा विज्जाफलं चरिमे ॥" अमुख्य-मंगलं कथ्यते—"सिद्धत्थ पुण्णकुम्भो वंदणमाला य पंडुरं छत्तं। सेदो वण्णो आदस्स णाय कण्णा य जत्तस्सो ॥१॥ वयणियमसंजमगुणेहिं साहिदो जिणवरेहिं परमट्ठो। सिद्धासण्णा जेसिं सिद्धत्था मंगलं तेण ॥२॥ पुण्णा मणोरहेहि य केवलणाणेण चावि संपुण्णा। अरहंता इदि लोए सुमंगलं पुण्णकुम्भो दु ॥३॥ णिग्गमणपवेसम्हि य इह चउवीसंपि वंदणीज्जा ते। वंदणमालेत्ति कया भरहेण य मंगलं तेण ॥४॥ सव्वजणणिव्वुदियरा छत्तायारा जगस्स अरहंता। छत्तायारं सिद्धित्ति मंगलं तेण छत्तं तं ॥५॥ सेदो वण्णो झाणं लेस्सा य अघाइसेसकम्मं च। अरुहाणं इदि लोए सुमंगलं सेदवण्णो दु ॥६॥ दीसइ लोयालोओ केवलणाणे जहा जिणिंदस्स। तह दीसइ मुकुरे बिंबुमंगलं तेण तं मुणह ॥७॥ जह वीयराय सव्वण्हु जिणवरो मंगलं हवइ लोए। हयरायबालकण्णा तह मंगलमिदि विजाणाहि ॥८॥ कम्मारिजिणेविणु जिणवरेहिं मोक्खु जिणाहिवि जेण। जं चउरउअरिबलजिणइ मंगलु वुच्चइ तेण ॥९॥" अथवा निबद्धानिबद्धभेदेन द्विविधं मंगलं तेनैव ग्रन्थकारेण कृतं। निबद्धमंगलं यथा मोक्ष-मार्गस्य नेतारमित्यादि। शास्त्रान्तरादानीतो नमस्कारोऽनिबद्धमंगलं यथा जगत्त्रयनाथायेत्यादि। अस्मिन्प्रस्तावे शिष्यः पूर्वपक्षं करोति—किमर्थं शास्त्रादौ शास्त्रकाराः मंगलार्थं परमेष्ठिगुणस्तोत्रं कुर्वन्ति यदेव शास्त्रं प्रारब्धं तदेव कथ्यतां मंगलमप्रस्तुतं। नच वक्तव्यं मंगलनमस्कारेण पुण्यं भवति, पुण्येन निर्विघ्नं भवति इति। कस्मान्न वक्तव्यमितिचेत्। व्यभिचारात्। तथाहि-क्वापि नमस्कार-दानपूजादिकरणेपि विघ्नं दृश्यते क्वापि दानपूजानमस्काराभावेपि निर्विघ्नं दृश्यत इति। आचार्याः परिहारमाहुः। तदयुक्तं, पूर्वाचार्या इष्टदेवतानमस्कारपुरस्सरमेव कार्यं कुर्वन्ति, यदुक्तं भवता नमस्कारे कृते पुण्यं भवति पुण्येन निर्विघ्नं भवति इति नच वक्तव्यं तदप्ययुक्तं। कस्मात्। देवता-नमस्कारकरणे पुण्यं भवति तेन निर्विघ्नं भवतीति तर्कादिशास्त्रे व्यवस्थापितत्वात्। पुनश्च यदुक्तं त्वया व्यभिचारो दृश्यते तदप्ययुक्तं। कस्मादितिचेत्। यत्र देवतानमस्कारपूजादिधर्मे कृतेपि विघ्नं

जो कुछ करना था सो कर लिया, संसारसे मुक्त (पृथक्) हुये। और जो पुरुष कृतकृत्य दशाको

---

१. प्रकृष्टाश्चर्यज्ञानप्रतापप्रकाशनात्।

नातिशयप्रकाशनादवाप्तज्ञानातिशयानामपि योगीन्द्राणां वन्द्यत्वमुदितम् । जितो भव

चेतनां मनागप्यसंभावयन्तः, प्रभूतपुण्यभारमन्थरितचित्तवृत्तयः, सुरलोकादिक्लेशप्राप्तिपरम्परया सुचिरं संसारसागरे भ्रमन्तीति। उक्तञ्च—"[1]चरणकरणप्पहाणा, ससमयपरमत्थमुक्कवावारा। चरणकरणस्स सारं, णिच्छयसुद्धं ण जाणंति"। येऽत्र केवलनिश्चयावलम्बिनः सकलक्रियाकर्मकाण्डाडम्बरविरक्तबुद्धयोऽर्धमीलितविलोचनपुटाः किमपि स्वबुद्धयावलोक्य यथासुखमासते; ते खल्ववधीरितभिन्नसाध्यसाधनभावा अभिन्नसाध्यसाधनभावमलभमाना अन्तराल एव प्रमादकादम्बरीमदभरालसचेतसो मत्ता इव, मूर्च्छिता इव, सुषुप्ता इव, प्रभूतघृतसितोपलपायसासादितसौहित्या इव, समुल्बणबलसञ्जनितजाड्या इव, दारुणमनो-भ्रंशविहितमोहा इव, मुद्रितविशिष्टचैतन्या वनस्पतय इव, मौनीन्द्रीं कर्मचेतनां पुण्यबंधभयेनानवलम्बमाना अनासादितपरमनैष्कर्म्यरूपज्ञानचेतनाविश्रान्तयो व्यक्ताव्यक्तप्रमाद-

---

नुष्ठानं श्रावकाचरणयोग्यं दानपूजाद्यनुष्ठानं च दूषयंते तेप्युभयभ्रष्टाः संतो निश्चयव्यवहारानुष्ठानयोग्यावस्थान्तरमजानन्तः पापमेव बध्नन्ति। यदि पुनः शुद्धात्मानुष्ठानरूपं मोक्षमार्गं तत्साधकं व्यवहारमोक्षमार्गं मन्यन्ते तर्हि चारित्रमोहोदयात् शक्त्यभावेन शुभाशुभानुष्ठानरहिता अपि यद्यपि

निमित्त कर्मकांड में अपनी सर्वशक्तिसे प्रवृत्त होता है। जिन्होंने कर्मचेतनाकी प्रधानतासे अशुभ कर्मकी प्रवृत्ति निवारी है वे ही शुभकर्मकी प्रवृत्तिको अङ्गीकार करते हैं। समस्त क्रियाकांडके आडम्बरसे गर्भित जो जीव है वे ज्ञानदर्शनचारित्ररूपगर्भित ज्ञानचेतनाको किसी कालमें भी नहीं पाते। बहुत पुण्याचरणके भारसे गर्भित चित्तवृत्तिको धारण करते हैं, ऐसे केवल व्यवहारालंबी मिथ्यादृष्टि जीव स्वर्गलोकादिकके क्लेशोंकी प्राप्तिकी परंपराको अनुभव करते हुये परमकलाके अभावसे बहुत काल पर्यन्त संसारमें परिभ्रमण करेंगे। सो कहा भी है —

उक्तं च—"चरणकरणप्पहाणा, ससमयपरमत्थमुक्कवावारा।
चरणकरणस्स सारं, णिच्छयशुद्धं ण जाणंति॥ १॥

अर्थात्—जो जीव केवल निश्चयके ही अवलंबी हैं वे व्यवहाररूप स्वसमयमयी क्रियाकर्मकाण्डको आडंबर जानकर व्रतादिकमें विरागी हो रहे हैं। अर्द्ध उन्मीलित लोचनसे ऊर्ध्वमुखी होकर स्वच्छंदवृत्तिको धारण करते हैं। कोई कोई अपनो बुद्धिसे ऐसा मानते हैं कि हम स्वरूपका अनुभव करते हैं। ऐसी समझसे सुखरूप प्रवृत्ति करते हैं। वे भिन्न साध्यसाधनभावरूप व्यवहार को तो मानते नहीं, निश्चयरूप अभिन्न साध्यसाधनको अपनेमें मानते हुये यों ही बहक रहे हैं। वे वस्तुको नहीं पाते, न निश्चयपदको पाते हैं, न व्यवहार पदको पाते हैं 'इतो भ्रष्टः ततो भ्रष्टः' होकर बीचमें ही प्रमादरूपी मदिराके प्रभावसे चित्तमें मतवाले हुये मूर्छितसे हो रहे हैं। जैसे कोई बहुत घी, मिश्री, दुग्ध इत्यादि गरिष्ठ वस्तुके भोजनपानसे सुथिर आलसी हो रहे हैं। अर्थात् अपनी

---

१. चरणकरणप्रधानाः स्वसमयपरमार्थमुक्तव्यापाराः।
चरणकरणस्य सारं, निश्चयशुद्धं न जानन्ति॥

तन्द्रा अरमागतकर्मफलचेतनाप्रधानप्रवृत्तयो वनस्पतय इव केवलं पापमेव बध्नन्ति । उक्तञ्च—"[1]णिच्छयमालम्बंता णिच्छयदो णिच्छयं अयाणंता । णासन्ति चरणकरणं वाहरिचरणालसा केई" ॥ ये तु पुनरपुनर्भवाय नित्यविहितोद्योगमहाभागा भगवन्तो निश्चयव्यवहारयोरन्यतरानवलम्बनेनात्यन्तमध्यस्थीभूताः । शुद्धचैतन्यरूपात्मतत्त्वविश्रान्तिविरचनोन्मुखाः प्रमादोदयानुवृत्तिनिर्वर्तिकां क्रियाकाण्डपरिणतिमाहात्म्यान्निवारयन्तोऽत्यन्तमुदासीना यथाशक्त्याऽऽत्मानमात्मनाऽऽत्मनि संचेतयमाना नित्योपयुक्ता निवसन्ति ते खलु स्वतत्त्वविश्रान्त्यनुसारेण क्रमेण कर्माणि सन्यसन्तोऽत्यन्तनिष्प्रमादा नितान्तनिष्कम्पमूर्तयो वनस्पतिभिरुपमीयमाना अपि दूरनिरस्तकर्मफलानुभूतयः कर्मानुभूतिनिरुत्सुकाः केवलज्ञानानुभूतिसमुपजाततात्त्विका-

---

शुद्धात्मभावनासापेक्षशुभानुष्ठानरतपुरुषसदृशा न भवन्ति तथापि सरागसम्यक्त्वादिदानव्यवहारसम्यग्दृष्टयो भवन्ति परंपरया मोक्षं च लभंते इतिनिश्चयैकान्तनिराकरणमुख्यत्वेन वाक्यद्वयं गतं । ततः स्थितमेतन्निश्चयव्यवहारपरस्परसाध्यसाधकभावेन रागादिविकल्परहितपरमसमाधिबलेनैव मोक्षं लभंते ॥१७२॥

इति शास्त्रतात्पर्योपसंहारवाक्यं । एवं वाक्यपंचकेन कथितार्थस्य विवरणमुख्यत्वेन

उत्कृष्ट देहके बलसे जड़ हो रहे हैं । महा भयानक भावसे मानों कि वे मनकी भ्रष्टतासे मोहित-विक्षिप्त हो गये हैं । चैतन्य-भावसे रहित मानो कि वे वनस्पति ही हैं । मुनि-पदवी करनेवाली कर्मचेतनाका पुण्यबंधके भयसे अवलंबन नहीं करते और परमनिःकर्मदशारूप ज्ञानचेतनाको अङ्गीकार की ही नहीं, इस कारण अतिशय चंचलभावोंके धारी हैं । प्रगट अप्रगटरूप जो प्रमाद हैं उनके आधीन हो रहे हैं । महा अशुद्धोपयोगसे आगामी कालमें कर्मफलमें चेतनासे प्रधान होते हुये वनस्पति के समान जड़ हैं । केवल मात्र पापही के बांधनेवाले हैं । सो कहा भी है कि—

उक्तं च—णिच्छयमालंवंता, णिच्छयदो णिच्छयं अयाणंता ।
णासंति चरणकरणं, वाहरिचरणालसा केई ॥२॥

अर्थात्—जो कोई पुरुष मोक्षके निमित्त सदाकाल उद्यमी हो रहे हैं वे महा भाग्यवान हैं निश्चय व्यवहार इन दोनों नयोंमें किसी एकका पक्ष नहीं करते, सर्वथा मध्यस्थ भाव रखते हैं । शुद्ध चैतन्यरूप आत्मतत्त्वमें स्थिरता करनेके लिये सावधान रहते हैं । जब प्रमादभावकी प्रवृत्ति होती है तब उसको दूर करनेके लिये शास्त्राज्ञानुसार क्रियाकांड परिणतिरूप प्रायश्चित्त करके अत्यन्त उदासीन भाव धारण करते हैं । फिर यथाशक्ति आपको आपके द्वारा आपमें ही वेदन करते हैं । सदा निजस्वरूपके उपयोगी होते हैं जो ऐसे अनेककान्तवादी साधक अवस्थाके धारण करनेवाले जीव हैं वे अपने तत्त्वको थिरताके अनुसार क्रमक्रमसे कर्मोंका नाश करते हैं । अत्यन्त

---

१. निश्चयमालम्बन्तो, निश्चयतो निश्चयं अजानन्तः ।
नाशयन्ति चरणकरणं, बाह्यचरणालसाः केऽपि ॥

न्दनिर्भरतरास्तरसा संसारसमुद्रमुत्तीर्य शब्दब्रह्मफलस्य शाश्वतस्य भोक्तारो भवन्तीति ॥ १७२ ॥

कर्तुः प्रतिज्ञानिर्व्यूढिसूचिका समापनेयम्;—

मग्गप्पभावणट्ठं पवयणभत्तिप्पचोदिदेण मया ।
भणियं पवयणसारं पंचत्थियसंगहं सुत्तं ॥१७३॥

मार्गप्रभावनार्थं प्रवचनभक्तिप्रचोदितेन मया ।
भणितं प्रवचनसारं पञ्चास्तिकायसंग्रहं सूत्रं ॥१७३॥

मार्गो हि परमवैराग्यकरणप्रवणा पारमेश्वरी परमाज्ञा । तस्याः प्रभावनं

एकादशस्थले गाथा गता । अथ श्रीकुन्दकुन्दाचार्यदेवः स्वकीयप्रतिज्ञां निर्वाहयन् सन् ग्रन्थं समापयति;—**पंचास्तिकायसंग्रहं सूत्रं** । किंविशिष्टं ? प्रवचनसारं । किमर्थं ? मार्गप्रभावनार्थमिति । तथाहि—मोक्षमार्गो हि संसारशरीरभोगवैराग्यलक्षणो निर्मलात्मानुभूतिस्तस्याः प्रभावनं स्वयमनुभवनमन्येषां प्रकाशनं वा तदर्थमेव परमागमभक्तिप्रेरितेन मया कर्तृभूतेन पंचास्तिकायशास्त्रमिदं व्याख्यातं । किं लक्षणं ? पंचास्तिकायषड्द्रव्यादिसंक्षेपेण व्याख्यानेन समस्तवस्तुप्रकाशकत्वात् द्वादशांगस्यापि प्रवचनस्य सारभूतमिति भावार्थः ॥१७३॥ इति ग्रंथसमाप्तिरूपेण द्वादशस्थले गाथा गता ।

एवं तृतीयमहाधिकारः समाप्तः ॥ ३ ॥

अथ यतः पूर्वं संक्षेपरुचिशिष्यसंबोधनार्थं पंचास्तिकायप्राभृतं कथितं ततो यदा काले शिक्षां गृह्णाति तदा शिष्यो भण्यते इति हेतोः शिष्यलक्षणकथनार्थं परमात्माराधकपुरुषाणां दीक्षाशिक्षाव्यवस्थाभेदाः

ही प्रमादसे रहित होते अडोल अवस्था धारण करते हैं । ऐसा जानो कि बनमें वनस्पति हैं । दूर किया है कर्मफल चेतनाका अनुभव जिन्होंने ऐसे, तथा कर्मचेतनाकी अनुभूतिमें उत्साह रहित हैं । केवल मात्र ज्ञानचेतनाकी अनुभूतिसे आत्मीक सुखसे भरपूर हैं । वे शीघ्र ही संसारसमुद्रसे पार होकर समस्त सिद्धान्तोंके मूल शाश्वत पदके भोक्ता होते हैं ॥ १७२ ॥

ग्रन्थकर्त्ताने प्रतिज्ञा की थी कि मैं पञ्चास्तिकाय ग्रन्थ कहूँगा, सो उसको संक्षेपमें ही करके समाप्त करते हैं;—[**मया**] मुझ कुन्दकुन्दाचार्यने [**पञ्चास्तिकायसंग्रहं**] कालके विना पंचास्तिकायरूप जो पाँच द्रव्य हैं उनके कथनका जिसमें संग्रह है ऐसा यह [**सूत्रं**] शब्द-अर्थ-गर्भित संक्षेप-अक्षर-पद-वाक्य-रचनारूप सूत्र [**भणितं**] पूर्वाचार्योंकी परंपरा-शब्दब्रह्मानुसार कहा है । यह पञ्चास्तिकाय कैसा है ? [**प्रवचनसारं**] द्वादशांगरूप जिनवाणीका रहस्य है । मैं कैसा हूँ ? [**प्रवचनभक्तिप्रचोदितेन**] सिद्धान्त कहनेके अनुरागसे प्रेरित किया हुआ हूँ । किसलिये यह ग्रन्थ रचना की है ? [**मार्गप्रभावनार्थं**] जिनेन्द्र भगवन्तप्रणीत जिनशासनकी वृद्धिके लिये । **भावार्थ**—संसार—विषयभोगसे परम वैराग्यकी करनेवाली भगवन्तकी आज्ञाका नाम मोक्षमार्ग है । उसकी

प्रख्यापनद्वारेण प्रकृष्टपरिणतिद्वारेण वा समुद्योतनं तदर्थमेव परमागमानुरागवेग-प्रचलितमनसा संक्षेपतः समस्तवस्तुतत्त्वसूचकत्वादतिविस्तृतस्यापि प्रवचनसारस्य

प्रतिपाद्यंते। दीक्षाशिक्षागणपोषणात्मसंस्कारसल्लेखनोत्तमार्थभेदेन षटकाला भवंति। तद्यथा। यदा कोप्यासन्नभव्यो भेदाभेदरत्नत्रयात्मकमाचार्यं प्राप्यात्माराधनार्थं बाह्याभ्यंतरपरिग्रहपरित्यागं कृत्वा जिनदीक्षां गृह्णाति स दीक्षाकालः, दीक्षानंतरं निश्चयव्यवहाररत्नत्रयस्य परमात्मतत्त्वस्य च प्रतिज्ञानार्थं तत्प्रतिपादकाध्यात्मशास्त्रेषु यदा शिक्षां गृह्णाति स शिक्षाकालः। शिक्षानंतरं निश्चय-व्यवहारमोक्षमार्गे स्थित्वा तदर्थिनां भव्यप्राणिगणानां परमात्मोपदेशेन यदा पोषणं करोति स च गण-पोषणकालः। गणपोषणानन्तरं गणं त्यक्त्वा यदा निजपरमात्मनि शुद्धसंस्कारं करोति स आत्मसंस्कार-कालः आत्मसंस्कारानंतरं तदर्थमेवक्रोधादिकषायरहितानंतज्ञानादिगुणलक्षणपरमात्मपदार्थे स्थित्वा रागादिविकल्पानां सम्यग्लेखनं तनुकरणं भावसल्लेखना तदर्थं कायक्लेशानुष्ठानं द्रव्यसल्लेखना तदु-भयाचरणं स सल्लेखनाकालः सल्लेखनानंतरं विशुद्धज्ञानदर्शनस्वभावात्मद्रव्यसम्यक्श्रद्धानज्ञानानुष्ठान-बहिर्द्रव्येच्छानिरोधलक्षणतपश्चरणरूपनिश्चयचतुर्विधाराधना या तु सा चरमदेहस्य तद्भवमोक्षयोग्या तद्विपरीतस्य भवांतरमोक्षयोग्या चेत्युभयमुत्तमार्थकालः। अत्र कालषट्कमध्ये केचन प्रथमकाले केचन द्वितीयकाले केचन तृतीयकालादौ केवलज्ञानमुत्पादयंतीति कालषट्कनियमो नास्ति। अथवा "ध्याता ध्यानं फलं ध्येयं यत्र यस्य यदा यथा। इत्यष्टागांनि योगानां साधनानि भवंति च"। अस्य संक्षेपव्याख्यानं "गुप्तेन्द्रियमना ध्याता ध्येयं वस्तु यदा स्थितं। एकाग्रचिंतनं ध्यानं फलं संवरनिर्जरे"॥ इत्यादि तत्त्वानुशासनध्यानग्रन्थादौ कथितमार्गेण जघन्यमध्यमोत्कृष्टभेदेन त्रिधा ध्यातारो ध्यानानि च भवंति। तदपि कस्मात्? तत्रैवोक्तमास्ते द्रव्यक्षेत्रकालभावरूपा ध्यानसामग्री जघन्यादिभेदेन त्रिधेति वचनात्। अथवातिसंक्षेपेण द्विधा ध्यातारो भवन्ति। शुद्धात्मभावनाप्रारंभकाः पुरुषाः सूक्ष्मसविकल्पावस्थायां प्रारब्धयोगिनो भण्यन्ते। निर्विकल्पशुद्धात्मावस्थायां पुनर्निष्पन्नयोगिन इति संक्षेपेणाध्यात्मभाषया ध्यातृध्यानध्येयानि संवरनिर्जरासाधकरागादिविकल्परहितपरमानंदैकल-क्षणसुखवृद्धिनिर्विकारस्वसंवेदनज्ञानवृद्धिबुद्ध्यादिसर्द्धिरूपध्यानफलभेदा ज्ञातव्याः। किं च। शिक्षक-प्रारंभककृताभ्यासनिष्पन्नरूपेण कैश्चिदन्यत्रापि यदुक्तं ध्यातृपुरुषलक्षणं तदत्रैवांतर्भूतं यथासंभवं द्रष्टव्यमिति। इदानीं पुनरागमभाषया षट्कालाः कथ्यंते। यदा कोपि चतुर्विधाराधनाभिमुखः सन् पंचाचारोपेतमाचार्यं प्राप्योभयपरिग्रहरहितो भूत्वा जिनदीक्षां गृह्णाति तदा दीक्षाकालः, दीक्षानंतरं चतुर्विधाराधनापरिज्ञानार्थमाचाराराधनादिचरणकरणग्रन्थशिक्षां गृह्णाति तदा शिक्षाकालः, शिक्षानंतरं चरणकरणकथितार्थानुष्ठानेन व्याख्यानेन च पंचभावनासहितः सन् शिष्यगणपोषणं करोति तदा

प्रभावनाके लिये यह ग्रन्थ मैंने किया है। अथवा उसही मोक्षमार्गका उद्योत किया है। सिद्धान्ता-नुसार संक्षेपसे भक्तिपूर्वक पञ्चास्तिकाय नामा मूल सूत्र-ग्रन्थ कहा है। इसप्रकार ग्रन्थकर्ता

सारभूतं पञ्चास्तिकायसंग्रहाभिधान भगवत्सर्वज्ञोपज्ञत्वात् सूत्रमिदमभिहितं मयेति । अथैवं शास्त्रकारः प्रारब्धस्यान्तमुपगम्यात्यन्तं कृतकृत्यो भूत्वा परमनैष्कर्म्यरूपे शुद्धस्वरूपे विश्रान्त इति श्रद्धीयते ॥१७३॥

गणपोषणकालः। भावनाः कथ्यंते–तपः–श्रुतसत्त्वैकत्वसंतोषभेदेन भावनाः पंचविधा भवंति । तद्यथा–अनशनादिद्वादशविधनिर्मलतपश्चरणं तपोभावना, तस्याः फलं विषयकषायजयो भवति। प्रथमानियोगचरणानियोगकरणानियोगद्रव्यानियोगभेदेन चतुर्विध आगमाभ्यासः श्रुतभावना । तथाहि–त्रिषष्टिशलाकापुरुषपुराणव्याख्यानं प्रथमानियोगो भण्यते, उपासकाध्ययनाचाराधनादिग्रन्थैर्देशचारित्रसकलचारित्रव्याख्यानं चरणानियोगो भण्यते, जिनांतरत्रिलोकसारलोकविभागलोकानियोगादिव्याख्यानं करणानियोगो भण्यते, प्राभृततत्त्वार्थसिद्धान्तग्रन्थैर्जीवादिषड्द्रव्यादीनां व्याख्यानं द्रव्यानियोग इति, तस्याः श्रुतभावनायाः फलं जीवादितत्त्वविषये संक्षेपेण हेयोपादेयतत्त्वविषये वा संशयविमोहविभ्रमरहितो निश्चलपरिणामो भवति। उक्तं च। "आत्महितास्था भावस्य संवरो नवनवश्च संवेगः निःकंपता तपोभावना परस्योपदेशनं ज्ञातुः" ॥ मूलोत्तरगुणाद्यनुष्ठानविषये निर्गहनवृत्तिः सत्त्वभावना, तस्याः फलं घोरोपसर्गपरीषहप्रस्तावेपि निर्गहनेन मोक्षं साधयति पांडवादिवत्। "एगो मे सस्सदो अप्पा णाणदंसणलक्खणो। सेसा मे बाहिरा भावा सव्वे संजोगलक्खणा" ॥ इत्येकत्वभावना तस्याः फलं स्वजनपरजनादौ निर्मोहत्वं भवति। तथा चोक्तं। "भगिनीं विडंव्यमानां यथा विलोक्यैकभावनाचतुरः। जिनकल्पितो न मूढः क्षपकोपि तथा न मुह्येत" ॥ मानापमानसमताबलेनाशनपानादौ यथालाभेन संतोषभावना तस्याः फलं रागाद्युपाधिरहितपरमानंदैकलक्षणात्मोत्थसुखतृप्त्या निदानबंधादिविषयसुखनिवृत्तिरिति, गणपोषणानंतरं स्वकीयगणं त्यक्त्वात्मभावनासंस्कारार्थी भूत्वा परगणं गच्छति तदात्मसंस्कारकालः; आत्मसंस्कारानंतरमाचाराराधनाकथितक्रमेण द्रव्यभावसल्लेखनां करोति तदा सल्लेखनाकालः, सल्लेखनानंतरं चतुर्विधाराधनाभावनया समाधिविधिना कालं करोति तदा स उत्तमार्थकालश्चेति। अत्रापि केचन प्रथमकालादावपि चतुर्विधाराधनां लभंते षट्कालनियमो नास्ति। अयमत्र भावार्थः "आदा खु मज्झ णाणे आदा मे दंसणे चरित्ते य। आदा पच्चक्खाणे आदा मे संवरे जोगे।" एवं प्रभृत्यागमसारादर्थपदानामभेदरत्नत्रयप्रतिपादकानामनुकूलं यत्र व्याख्यानं क्रियते तदध्यात्मशास्त्रं भण्यते, तदाश्रिताः षट्कालाः पूर्वं संक्षेपेण व्याख्याताः। वीतरागसर्वज्ञप्रणीतषड्द्रव्यादिसम्यक्श्रद्धानज्ञानव्रताद्यनुष्ठानभेदरत्नत्रयस्वरूपं यत्र प्रतिपाद्यते तदागमशास्त्रं भण्यते। तच्चाभेदरत्नत्रयात्मकस्याध्यात्मानुष्ठानस्य बहिरंगसाधनं भवति। तदाश्रिता अपि

श्री कुन्दकुन्दाचार्य महाराजने यह ग्रन्थ प्रारम्भ किया था सो उसके पारको प्राप्त हुये अपनी कृतकृत्य अवस्था मानी, कर्मरहित शुद्धस्वरूपमें स्थिरभाव किया। ऐसी हमारेमें भी श्रद्धा उपजी है ॥१७३॥

स्वशक्तिसंसूचितवस्तुतत्त्वैर्व्याख्या कृतेयं समयस्य शब्दैः ।
स्वरूपगुप्तस्य न किंचिदस्ति कर्तव्यमेवामृतचन्द्रसूरेः ॥८॥

इति श्रीपंचास्तिकायव्याख्यायां श्रीमदमृतचन्द्रसूरिविरचितायां नवपदार्थपुरस्सरमोक्षमार्गप्रपञ्चवर्णनात्मको द्वितीयः श्रुतस्कन्धः समाप्तः ॥ २ ॥

समाप्तेयं तत्त्वदीपिका टीका पंचास्तिकायस्य ।

षट्काला संक्षेपेण व्याख्याता, विशेषेण पुनरुभयत्रापि षट्कालव्याख्यानं पूर्वाचार्यकथितक्रमेणान्यग्रंथेषु ज्ञातव्यं ॥

इति श्री **जयसेनाचार्य**कृतायां तात्पर्यवृत्तौ प्रथमतस्तावदेकादशोत्तरशतगाथाभिरष्टभिरंतराधिकारैः पंचास्तिकायषड्द्रव्यप्रतिपादकनामा प्रथममहाधिकारः तदनंतरं पंचाशद्गाथाभिर्दशभिरंतराधिकारैर्नवपदार्थप्रतिपादकाभिधानो द्वितीयो महाधिकारः । तदनंतरं विंशतिगाथाभिर्द्वादशस्थलैर्मोक्षस्वरूपमोक्षमार्गप्रतिपादकाभिधानस्तृतीयमहाधिकारश्चेत्यधिकारत्रयसमुदायेनैकाशीत्युत्तरशतगाथाभिः **पंचास्तिकाय**प्राभृतः समाप्तः ॥ विक्रमसंवत् १३६९ वर्षैराश्विनशुद्धिः १ भौमदिने ।

समाप्तेयं तात्पर्यवृत्तिः पञ्चास्तिकायस्य ।

इति श्रीपांडे **हेमराजकृत** समयव्याख्यायां भाषाटीकायां नवपदार्थपुरःसर **मोक्षमार्गप्रपञ्चवर्णनो** नाम द्वितीयः श्रुतस्कन्धः समाप्तः ॥२॥

समाप्ता इयं वालावबोधिनी भाषाटीका ।

समाप्तोऽयं ग्रन्थः

पंचास्तिकाय[1]

१. सौ इन्द्रोंसे वन्दनीय, तीनलोकके कल्याणकारी, मधुर और निर्मल जिनके वाक्य हैं, अनन्त जिनके गुण हैं, जिन्होंने संसारका पराजय किया है ऐसे भगवान सर्वज्ञ वीतरागको नमस्कार।

२. सर्वज्ञ महामुनिके मुखसे उत्पन्न अमृत, चार गतिसे जीवको मुक्तकर निर्वाण प्राप्त करानेवाले आगमको नमन करके यह शास्त्र कहता हूँ उसे श्रवण करें।

३. पाँच अस्तिकायके समूहरूप अर्थसमयको सर्वज्ञ वीतरागदेवने 'लोक' कहा है। उसके अनन्तर मात्र आकाशरूप अनन्त 'अलोक' हैं।

४-५. 'जीव', 'पुद्गलसमूह', 'धर्म', 'अधर्म' तथा 'आकाश' ये पदार्थ अपने अस्तित्वमें नियमसे रहते हैं, अपनी सत्तासे अभिन्न हैं, और अनेक प्रदेशात्मक हैं। अनेक गुण और पर्यायसहित जिनका अस्तित्वस्वभाव है वे 'अस्तिकाय' हैं। उनसे त्रैलोक्य उत्पन्न होता है।

६. ये अस्तिकाय तीनों कालमें भावरूपसे परिणामी हैं, और परावर्तन लक्षणवाले कालसहित छहों 'द्रव्यसंज्ञा' को प्राप्त होते हैं।

७. ये द्रव्य एक दूसरेमें प्रवेश करते हैं, एक दूसरेको अवकाश देते हैं, परस्पर मिल जाते हैं, और अलग हो जाते हैं; परन्तु अपने स्वभावका त्याग नहीं करते।

८. सत्तास्वरूपसे सब पदार्थ एकत्ववाले हैं, वह सत्ता अनन्त प्रकारके स्वभाववाली है, अनन्त गुण और पर्यायात्मक है, उत्पादव्ययध्रौव्यस्वरूप एवं सामान्य विशेषात्मक है।

९. जो उन-उन अपने सद्भावपर्यायों-गुणपर्याय स्वभावोंको प्राप्त होता है उसे द्रव्य कहते हैं, जो अपनी सत्तासे अनन्य है।

१०. द्रव्य सत् लक्षणवाला है, जो उत्पादव्ययध्रौव्यसहित है, जो गुणपर्यायका आश्रय है, ऐसा सर्वज्ञदेव कहते हैं।

११. द्रव्यकी उत्पत्ति और विनाश नहीं होता, उसका 'अस्ति' स्वभाव ही है। उत्पाद, व्यय और ध्रुवत्व ये पर्यायके कारण होते हैं।

१२. पर्यायरहित द्रव्य नहीं है और द्रव्यरहित पर्याय नहीं है, दोनों अनन्यभावसे हैं, ऐसा महामुनि कहते हैं।

१३. द्रव्यके बिना गुण नहीं होते और गुणोंके बिना द्रव्य नहीं होता, इसलिये द्रव्य और गुण दोनोंका अभिन्न भाव है।

१४. 'स्यात् [१]अस्ति', 'स्यात् [२]नास्ति', 'स्यात् [3]अस्ति नास्ति', 'स्यात् [४]अवक्तव्यं', 'स्यात् [५]अस्ति अवक्तव्यं', 'स्यात् [६]नास्ति अवक्तव्यं' 'स्यात् [७]अस्तिनास्ति अवक्तव्यं', यों विवक्षासे द्रव्यके सात भंग होते हैं।

१५. भाव-द्रव्यका नाश नहीं होता, और अभाव-अद्रव्यकी उत्पत्ति नहीं होती। गुणपर्यायके स्वभावसे उत्पाद और व्यय होते हैं।

१६. जीव आदि पदार्थ हैं। जीवके गुण चेतना और उपयोग हैं। देव, मनुष्य, नारक, तिर्यंच आदि जीवके अनेक पर्याय हैं।

---

१. श्रीमद् राजचंद्रकृत संक्षिप्त गूर्जरानुवाद परसे हिंदी अनुवाद, "श्रीमद् राजचंद्र" बृहद्ग्रन्थके पत्रांक ७६६ से उद्धृत।

१७. मनुष्यपर्यायसे नष्ट हुआ जीव देव या अन्य पर्यायसे उत्पन्न होता है। दोनोंमें जीवभाव ध्रुव है। वह नष्ट होकर कुछ अन्य नहीं होता।

१८. जो जीव उत्पन्न हुआ था वही जीव नष्ट हुआ है। वस्तुतः तो वह जीव उत्पन्न नहीं हुआ और नष्ट भी नहीं हुआ। उत्पत्ति और नाश देवत्व और मनुष्यत्वका होता है।

१९. इस तरह सत्का विनाश और असत् जीवका उत्पाद नहीं होता। जीवके देव, मनुष्य आदि पर्याय गतिनामकर्मसे होते हैं।

२०. ज्ञानावरणीय आदि कर्मभाव जीवने सुदृढ (अवगाढ) रूपसे बाँधे हैं, उनका अभाव करनेसे वह अभूतपूर्व 'सिद्ध भगवान' होता है।

२१. इस तरह गुणपर्यायसहित जीव भाव, अभाव, भावाभाव और अभावभावसे संसारमें परिभ्रमण करता है।

२२. जीव, पुद्गलसमूह, आकाश तथा दूसरे अस्तिकाय किसीके बनाये हुए नहीं हैं, स्वरूपसे ही अस्तित्ववाले हैं, और लोकके कारणभूत हैं।

२३. सद्भाव स्वभाववाले जीवों और पुद्गलके परावर्तनसे उत्पन्न जो काल है उसे निश्चय-काल कहा है।

२४. वह काल पाँच वर्ण, पाँच रस, दो गन्ध और आठ स्पर्शसे रहित है, अगुरुलघु है, अमूर्त है और वर्तनालक्षणवाला है।

२५. समय, निमेष, काष्ठा, कला, नाली, मुहूर्त, दिवस, रात्रि, मास, ऋतु और संवत्सर आदि यह व्यवहारकाल है।

२६. कालके किसी भी परिमाण (माप) के बिना बहुत काल, अल्प काल यों नहीं कहा जा सकता। उसकी मर्यादा पुद्गलद्रव्यके बिना नहीं होती। इस कारण कालका पुद्गलद्रव्यसे उत्पन्न होना कहा जाता है।

२७. जीवत्ववाला, ज्ञाता, उपयोगवाला, प्रभु, कर्त्ता, भोक्ता, देहप्रमाण, वस्तुतः अमूर्त और कर्मावस्थामें मूर्त्त ऐसा जीव है।

२८. कर्ममलसे सर्वथा मुक्त हो जानेसे सर्वज्ञ और सर्वदर्शी आत्मा ऊर्ध्व लोकांतको प्राप्त होकर अतींद्रिय अनन्त सुखको प्राप्त होता है।

२९. अपने स्वाभाविक भावसे आत्मा सर्वज्ञ और सर्वदर्शी होता है और अपने कर्मसे मुक्त होनेसे वह अनंत सुखको प्राप्त होता है।

३०. बल, इन्द्रिय, आयु और उच्छ्वास इन चार प्राणोंसे जो भूतकालमें जीता था, वर्तमान-कालमें जीता है, और भविष्यकालमें जीयेगा वह 'जीव' है।

३१. अनंत अगुरुलघु गुणोंसे निरंतर परिणत अनंत जीव हैं। वे असंख्यात प्रदेशप्रमाण हैं। कुछ जीव लोकप्रमाण अवगाहनाको प्राप्त हुए हैं।

३२. कुछ जीव उस अवगाहनाको प्राप्त नहीं हुए हैं। मिथ्यादर्शन, कषाय और योगसहित अनंत संसारी जीव हैं। उनसे रहित अनंत सिद्ध हैं।

३३. जिस प्रकार पद्मराग नामका रत्न दूधमें डालनेसे दूधके परिमाणके अनुसार प्रकाशित होता है, उसी प्रकार देहमें स्थित आत्मा मात्र देहप्रमाण प्रकाशक-व्यापक है।

३४. जैसे एक कायामें सर्व अवस्थाओंमें वहीका वही जीव रहता है, वैसे सर्वत्र संसारावस्था में भी वहीका वही जीव रहता है। अध्यवसायविशेषसे कर्मरूपी रजोमलसे वह जीव मलिन होता है।

३५. जिनको प्राणधारिता नहीं है, जिनको प्राणधारिताका सर्वथा अभाव हो गया है, वे—देहसे भिन्न और वचनसे अगोचर जिनका स्वरूप है ऐसे—'सिद्ध' जीव हैं।

३६. वस्तुदृष्टिसे देखें तो सिद्ध पद उत्पन्न नहीं होता, क्योंकि वह किसी दूसरे पदार्थसे उत्पन्न होनेवाला कार्य नहीं है, इसी तरह वह किसीके प्रति कारणरूप भी नहीं है, क्योंकि किसी अन्य सम्बन्धसे उसकी प्रवृत्ति नहीं है।

३७. यदि मोक्षमें जीवका अस्तित्व ही न हो तो शाश्वत, अशाश्वत, भव्य, अभव्य, शून्य, अशून्य, विज्ञान और अविज्ञान ये भाव किसको हों ?

३८. कोई जीव कर्मके फलका वेदन करते हैं, कोई जीव कर्मबंधकर्तृत्वका वेदन करते हैं, और कोई जीव मात्र शुद्ध ज्ञानस्वभावका वेदन करते हैं; इस तरह वेदकभावसे जीवराशिके तीन भेद हैं।

३९. स्थावर कायके जीव अपने अपने किये हुए कर्मोंके फलका वेदन करते हैं, त्रस जीव कर्मबंध चेतनाका वेदन करते हैं, और प्राणरहित अतींद्रिय जीव शुद्धज्ञानचेतनाका वेदन करते हैं।

४०. ज्ञान और दर्शनके भेदसे उपयोग दो प्रकारका है, उसे जीवसे सर्वदा अनन्यभूत समझें।

४१. मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यय और केवल ये ज्ञानके पाँच भेद हैं। कुमति, कुश्रुत और विभंग ये अज्ञानके तीन भेद हैं। ये सब ज्ञानोपयोगके भेद हैं।

४२. चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन, अवधिदर्शन और अविनाशी अनंत केवलदर्शन ये दर्शनोपयोगके चार भेद हैं।

४३. आत्मासे ज्ञानगुणका सम्बन्ध है, और इसीसे आत्मा ज्ञानी है ऐसा नहीं है; परमार्थसे दोनोंमें अभिन्नता ही है।

४४. यदि द्रव्य भिन्न हो और गुण भी भिन्न हों तो एक द्रव्यके अनंत द्रव्य हो जायें, अथवा द्रव्यका अभाव हो जाये।

४५. द्रव्य और गुण अनन्यरूपसे हैं, दोनोंमें प्रदेशभेद नहीं है। द्रव्यके नाशसे गुणका नाश हो जाता है और गुणके नाशसे द्रव्यका नाश हो जाता है ऐसा उनमें एकत्व है।

४६. व्यपदेश (कथन), संस्थान, संख्या और विषय इन चार प्रकारकी विवक्षाओंसे द्रव्यगुणके अनेक भेद हो सकते हैं, परन्तु परमार्थनयसे ये चारों अभेद हैं।

४७. जिस तरह यदि पुरुषके पास धन हो तो वह धनवान कहा जाता है, उसी तरह आत्माके पास ज्ञान है, जिससे वह ज्ञानवान कहा जाता है। इस तरह भेद-अभेदका स्वरूप है, इसे तत्त्वज्ञ दोनों प्रकारसे जानते हैं।

४८. यदि आत्मा और ज्ञानका सर्वथा भेद हो तो दोनों ही अचेतन हो जायें ऐसा वीतराग सर्वज्ञका सिद्धांत है।

४९. ज्ञानका सम्बन्ध होनेसे आत्मा ज्ञानी होता है ऐसा माननेसे आत्मा और अज्ञान-जड़त्वका ऐक्य होनेका प्रसंग आता है।

५०. समवर्तित्व समवाय है। वह अपृथक्‌भूत और अपृथक् सिद्ध है; इसलिये वीतरागोंने द्रव्य और गुणके सम्बन्धको अपृथक् सिद्ध कहा है।

५१. वर्ण, रस, गंध और स्पर्श ये चार विशेष (गुण) परमाणु द्रव्यसे अभिन्न हैं। व्यवहारसे वे पुद्‌गलद्रव्यसे भिन्न कहे जाते हैं।

५२. इसी तरह दर्शन और ज्ञान भी जीवसे अनन्यभूत हैं। व्यवहारसे उनका आत्मासे भेद कहा जाता है।

५३. आत्मा (वस्तुतः) अनादि-अनंत है, और संतानकी अपेक्षासे सादि-सांत भी है और सादिअनंत भी है। पाँच भावोंकी प्रधानतासे वे सब भंग होते हैं। सद्भावसे जीव द्रव्य अनंत है।

५४. इस तरह सत् (जीव-पर्याय) का विनाश और असत् जीवका उत्पाद परस्पर विरुद्ध होनेपर भी जैसा अविरोधरूपसे सिद्ध है वैसा सर्वज्ञ वीतरागने कहा है।

५५. नारक, तिर्यञ्च, मनुष्य और देव—ये नामकर्मकी प्रकृतियाँ सत्का विनाश और असत् भावका उत्पाद करती हैं।

५६. उदय, उपशम, क्षायिक, क्षयोपशम और पारिणामिक भावोंसे जीवके गुणोंका बहुत विस्तार है।

५७, ५८, ५९.

६०. द्रव्यकर्मका निमित्त पाकर जीव उदय आदि भावोंमें परिणमन करता है; भावकर्मका निमित्त पाकर द्रव्यकर्मका परिणमन होता है। कोई किसीके भावका कर्ता नहीं है, और कर्ताके बिना होते नहीं हैं।

६१. सब अपने अपने स्वभावके कर्त्ता हैं, इसी तरह आत्मा भी अपने ही भावका कर्ता है; आत्मा पुद्गलकर्मका कर्त्ता नहीं है; ये वीतराग-वचन समझने योग्य हैं।

६२. कर्म अपने स्वभावके अनुसार यथार्थ परिणमन करता है, उसी प्रकार जीव अपने स्वभावके अनुसार भावकर्मको करता है।

६३. यदि कर्म ही कर्मका कर्त्ता हो, और आत्मा ही आत्माका कर्त्ता हो, तो फिर उस कर्मका फल कौन भोगेगा? और कर्म अपने फलको किसे देगा?

६४. संपूर्ण लोक पुद्गल-समूहोंसे भरपूर भरा हुआ है सूक्ष्म और बादर ऐसे विविध प्रकारसे अनंत स्कन्धोंसे।

६५. आत्मा जब भावकर्मरूप अपने स्वभावको करता है, तब वहाँ रहे हुए पुद्गलपरमाणु अपने स्वभावके कारण कर्मभावको प्राप्त होते हैं, और परस्पर एकक्षेत्रावगाहरूपसे अवगाढता पाते हैं।

६६. कोई कर्त्ता नहीं होने पर भी जैसे पुद्गलद्रव्यसे अनेक स्कंधोंकी उत्पत्ति होती है वैसे ही कर्मरूपसे स्वभावतः पुद्गलद्रव्य परिणमित होते हैं ऐसा जानें।

६७. जीव और पुद्गलसमूह परस्पर अवगाढ-ग्रहणसे प्रतिबद्ध हैं। इसलिये यथाकाल उदय होनेपर जीव सुखदुःखरूप फलका वेदन करता है।

६८. इसलिये कर्मभावका कर्ता जीव है और भोक्ता भी जीव है। वेदक भावके कारण वह कर्मफलका अनुभव करता है।

६९. इस तरह आत्मा अपने भावसे कर्त्ता और भोक्ता होता है। मोहसे भलीभाँति आच्छादित जीव संसारमें परिभ्रमण करता है।

७०. (मिथ्यात्व) मोहका उपशम होनेसे अथवा क्षय होनेसे वीतरागकथित मार्गको प्राप्त हुआ धीर, शुद्ध ज्ञानाचारवान जीव निर्वाणपुरको जाता है।

७१-७२. एक प्रकारसे, दो प्रकारसे, तीन प्रकारसे, चार गतियोंके भेदसे, पाँच गुणोंकी मुख्यतासे, छः कायके भेदसे, सात भंगोंके उपयोगसे, आठ गुणों अथवा आठ कर्मोंके भेदसे, नव तत्त्वसे, और दशस्थानकसे जीवका निरूपण किया गया है।

७३. प्रकृतिबंध, स्थितिबंध, अनुभागबंध और प्रदेशबंधसे सर्वथा मुक्त होनेसे जीव उर्ध्वगमन करता है। संसार अथवा कर्मावस्थामें जीव विदिशाको छोड़कर दूसरी दिशाओंमें गमन करता है।

७४. स्कंध, स्कंधदेश, स्कंधप्रदेश और परमाणु इस तरह पुद्गलास्तिकायके चार भेद समझें।

७५. सकल समस्तको 'स्कंध', उसके आधेको 'देश', उसके आधेको 'प्रदेश' और अविभागीको 'परमाणु' कहते हैं।

७६. बादर और सूक्ष्म परिणमन पाने योग्य स्कंधोंमें पूरण (बढ़ना) और गलन (घटना, विभक्त होना) स्वभाव जिनका है वे पुद्गल कहे जाते हैं। उनके छः भेद हैं, जिनसे त्रैलोक्य उत्पन्न होता है।

७७. सर्व स्कंधोंका जो अंतिम भेद है वह परमाणु है। वह शाश्वत, शब्दरहित, एक, अविभागी और मूर्त होता है।

७८. जो विवक्षासे मूर्त्त और चार धातुओंका कारण है उसे परमाणु जानना चाहिये। वह परिणामी है, स्वयं अशब्द अर्थात् शब्दरहित है, परन्तु शब्दका कारण है।

७९. स्कंधसे शब्द उत्पन्न होता है। अनंत परमाणुओंके मिलापके संघात-समूहको 'स्कंध' कहा है। इन 'स्कंधों' का परस्पर स्पर्श होनेसे, संघर्ष होनेसे निश्चय ही 'शब्द' उत्पन्न होता है।

८०. वह परमाणु नित्य है, अपने रूप आदि गुणोंको अवकाश-आश्रय देता है, स्वयं एकप्रदेशी होनेसे एक प्रदेशके बाद अवकाशको प्राप्त नहीं होता, दूसरे द्रव्यको अवकाश (आकाशकी तरह) नहीं देता, स्कंधके भेदका कारण है—स्कंधके खंडका कारण है, स्कंधका कर्त्ता है, और कालके परिमाण (माप) और संख्या (गिनती) का हेतु है।

८१. जो द्रव्य एक रस, एक वर्ण, एक गंध और दो स्पर्शसे युक्त है, शब्दकी उत्पत्तिका कारण है, एकप्रदेशात्मकतासे शब्दरहित है, स्कंधपरिणमित होनेपर भी उससे भिन्न है, उसे परमाणु समझें।

८२. जो इंद्रियोंसे उपभोग्य हैं, तथा काया, मन और कर्म आदि जो जो मूर्त्त पदार्थ हैं उन सबको पुद्गलद्रव्य समझें।

८३. धर्मास्तिकाय अरस, अवर्ण, अगंध, अशब्द और अस्पर्श है; सकल लोकप्रमाण है; अखंडित, विस्तीर्ण और असंख्यातप्रदेशात्मक द्रव्य है।

८४. वह अनंत अगुरुलघुगुणोंसे निरंतर परिणमित है; गतिक्रियायुक्त जीव आदिके लिये कारणभूत है; और स्वयं अकार्य है; अर्थात् वह द्रव्य किसीसे उत्पन्न नहीं हुआ है।

८५. जिस तरह मत्स्यकी गतिमें जल उपकारक है, उसी तरह जो जीव और पुद्गवकी गतिमें उपकारक है, उसे 'धर्मास्तिकाय' जानें।

८६. जैसे धर्मास्तिकाय द्रव्य है वैसे अधर्मास्तिकाय भी द्रव्य है ऐसा जानें। वे स्थितिक्रियायुक्त जीव और पुद्गलको पृथ्वीकी भाँति कारणभूत हैं।

८७. धर्मास्तिकाय और अधर्मास्तिकायके कारण लोक-अलोकका विभाग होता है। ये धर्म और अधर्म द्रव्य दोनों अपने अपने प्रदेशोंसे भिन्न भिन्न हैं। स्वयं हलन-चलन क्रियासे रहित हैं, और लोकप्रमाण हैं।

८८. धर्मास्तिकाय जीव और पुद्गलको चलाता है, ऐसी बात नहीं है; जोव और पुद्गल गति करते हैं, उन्हें सहायक है।

८९.

९०. जो सब जीवोंको तथा शेष पुद्गल आदि द्रव्योंको सम्पूर्ण अवकाश देता है, उसे 'लोकाकाश' कहते हैं।

९१. जीव, पुद्गलसमूह, धर्म और अधर्म, ये द्रव्य लोकसे अनन्य हैं; अर्थात् लोकमें हैं, लोकसे बाहर नहीं हैं। आकाश लोकसे भी बाहर है, और वह अनंत है, जिसे 'अलोक' कहते हैं।

९२. यदि गति और स्थितिका कारण आकाश होता, तो धर्म और अधर्म द्रव्यके अभावके कारण सिद्ध भगवानका अलोकमें भी गमन होता।

९३. इसीलिये सर्वज्ञ वीतरागदेवने सिद्ध भगवानका स्थान उर्ध्वलोकांतमें बताया है। इससे आकाश गति ओर स्थितिका कारण नहीं है ऐसा जानें।

९४. यदि गतिका कारण आकाश होता अथवा स्थितिका कारण आकाश होता, तो अलोककी हानि होती और लोकके अंतको वृद्धि भी हो जाती।

९५. इसलिये धर्म और अधर्म द्रव्य गति तथा स्थितिके कारण हैं, परन्तु आकाश नहीं है। इस प्रकार सर्वज्ञ वीतरागदेवने श्रोता जीवोंको लोकका स्वभाव बताया है।

९६. धर्म, अधर्म और (लोक) आकाश अपृथग्भूत (एकक्षेत्रावगाही) और समान परिमाणवाले हैं। निश्चयसे तीनों द्रव्योंकी पृथक् उपलब्धि है, और वे अपनी अपनी सत्तासे रहे हुए हैं। इस तरह इनमें एकता और अनेकता, दोनों हैं।

९७. आकाश, काल, जीव, धर्म और अधर्म द्रव्य अमूर्त्त हैं, और पुद्गलद्रव्य मूर्त्त है। उनमें जीवद्रव्य चेतन है।

९८. जीव और पुद्गल एक दूसरेकी क्रियामें सहायक हैं। दूसरे द्रव्य (उस प्रकारसे) सहायक नहीं हैं। जीव पुद्गलद्रव्यके निमित्तसे क्रियावान होता है। कालके कारणसे पुद्गल अनेक स्कंधरूपसे परिणमन करता है।

९९. जीवद्वारा जो इंद्रियग्राह्य विषय है वे पुद्गल-द्रव्य मूर्त्त हैं, शेष अमूर्त्त हैं। मन मूर्त्त एवं अमूर्त दोनों प्रकारके पदार्थोंको जानता है, अपने विचारसे निश्चित पदार्थोंको जानता है।

१००. काल परिणामसे उत्पन्न होता है, परिणाम कालसे उत्पन्न होता है। दोनोंका यह स्वभाव है। 'निश्चयकाल' से 'क्षणभंगुरकाल' होता है।

१०१. काल शब्द अपने सद्भाव—अस्तित्वका बोधक है, उनमेंसे एक (निश्चयकाल) नित्य है। दूसरा (समयरूप व्यवहारकाल) उत्पत्ति विनाशवाला है, और दीर्घांतर स्थायी है।

१०२. काल, आकाश, धर्म, अधर्म, पुद्गल और जीव, इन सबकी द्रव्य संज्ञा है। कालकी अस्तिकाय संज्ञा नहीं है।

१०३. इस तरह निर्ग्रन्थके प्रवचनके रहस्यभूत इस पंचास्तिकायके स्वरूप-विवेचनके संक्षेपको जो यथार्थ रूपसे जानकर राग और द्वेषसे मुक्त हो जाता है वह सब दुःखोंसे परिमुक्त हो जाता है।

१०४. इस परमार्थको जानकर जो जीव मोहका नाशक हुआ है और जिसने रागद्वेषको शांत किया है वह जीव संसारकी दीर्घ परम्पराका नाश करके शुद्धात्मपदमें लीन हो जाता है।

इति पंचास्तिकाय प्रथम अध्याय।

ॐ जिनाय नमः। नमः श्री सद्गुरवे।

१०५. मोक्षके कारणभूत श्री भगवान महावीरको भक्तिपूर्वक नमस्कार करके उन भगवानके कहे हुए पदार्थप्रभेदरूप मोक्षमार्गको कहता हूँ।

१०६. सम्यक्त्व, आत्मज्ञान और रागद्वेषसे रहित ऐसा चारित्र तथा सम्यक् बुद्धि जिन्हें प्राप्त हुई है ऐसे भव्यजीवको मोक्षमार्ग प्राप्त होता है।

१०७. तत्त्वार्थको प्रतीति 'सम्यक्त्व' है, तत्त्वार्थका ज्ञान 'ज्ञान' है और विषयके विमूढ़ मार्गके प्रति शांतभाव 'चारित्र' है।

१०८. जीव, अजीव, पुण्य, पाप, आस्रव, संवर, निर्जरा, बंध और मोक्ष—ये नव तत्त्व हैं।

१०९. जीव दो प्रकारके हैं—संसारी और असंसारी। दोनों चैतन्यस्वरूप और उपयोग-लक्षणवाले हैं। संसारी देहसहित और असंसारी देहरहित होते हैं।

११०. पृथ्वी, पानी, अग्नि, वायु और वनस्पति—ये जीवसंश्रित काय हैं। इन जीवोंको मोहकी प्रबलता है और स्पर्श-इंद्रियके विषयका उन्हें ज्ञान है।

१११. इनमेंसे तीन स्थावर हैं और अल्पयोगवाले अग्नि और वायुकाय त्रस हैं। ये सभी मन-परिणामसे रहित 'एकेंद्रिय जीव' हैं ऐसा जानें।

११२. ये पाँचों प्रकारके जीवसमूह मनपरिणामसे रहित और एकेंद्रिय हैं ऐसा सर्वज्ञने कहा है।

११३. जिस तरह अंडेमें पक्षीका गर्भ बढ़ता है, जिस तरह मनुष्यगर्भमें मूर्च्छागत अवस्था होनेपर भी जीवत्व है; उसी तरह 'एकेंद्रिय जीव' भी जानना चाहिये।

११४. शंबूक, शंख, सीप, कृमि इत्यादि जो जीव रस और स्पर्शको जानते हैं, उन्हें 'दो इन्द्रिय जीव' जानना चाहिये।

११५. जूँ, खटमल, चींटी, बिच्छू इत्यादि अनेक प्रकारके दूसरे भी कीड़े रस, स्पर्श और गन्धको जानते हैं, उन्हें 'तीन इन्द्रिय जीव' जानना चाहिये।

११६. डांस, मच्छर, मक्खी, भ्रमरी, भ्रमर, पतंग आदि रूप, रस, गन्ध और स्पर्शको जानते हैं, उन्हें 'चार इन्द्रिय जीव' जानना चाहिये।

११७. देव, मनुष्य, नारक, तिर्यंच, जलचर, स्थलचर और खेचर वर्ण, रस, स्पर्श गन्ध और शब्दको जानते हैं, ये बलवान 'पाँच इन्द्रियवाले जीव' हैं।

११८. देवताके चार निकाय हैं। मनुष्य कर्म और अकर्म भूमिके भेदसे दो प्रकारके हैं। तिर्यंचके अनेक प्रकार हैं; और नारको जितने नरक-पृथ्वीके भेद हैं उतने ही है।

११९. पूर्वकालमें बाँधी हुई आयुके क्षीण हो जानेपर जीव गतिनामकर्मके कारण आयु और लेश्याके प्रभावसे अन्य देहको प्राप्त होता है।

१२०. देहाश्रित जीवोंके स्वरूपका यह विचार निरूपित किया। ये भव्य और अभव्यके भेदसे दो प्रकारके हैं। देहरहित जीव 'सिद्ध भगवान' है।

१२१. इन्द्रियाँ जीव नहीं हैं, तथा काया भी जीव नहीं हैं; परन्तु जीवके ग्रहण किये हुए साधन मात्र हैं। वस्तुतः तो जिन्हें ज्ञान है उनको ही जीव कहते हैं।

१२२. जो सब जानता है, देखता है, दुःखको दूर कर सुख चाहता है, शुभ-अशुभ क्रियाको करता है और उनका फल भोगता है, वह 'जीव' है।

१२३.

१२४. आकाश, काल, पुद्गल, धर्म और अधर्म द्रव्यमें जीवत्वगुण नहीं हैं, उन्हें अचेतन कहते हैं, और जीवको सचेतन कहते हैं।

१२५. सुख-दुःखका वेदन, हितमें प्रवृत्ति, अहितसे भीति—ये तीनों कालमें जिसको नहीं है उसे सर्वज्ञ महामुनि 'अजीव' कहते हैं।

१२६. संस्थान, संघात, वर्ण, रस, स्पर्श, गंध और शब्द इस तरह पुद्गलद्रव्यसे उत्पन्न होने-वाले अनेक गुणपर्याय हैं।

१२७. अरस, अरूप, अगंध, अशब्द, अनिर्दिष्ट संस्थान और वचन अगोचर ऐसा जिसका चैतन्यगुण है वह 'जीव' है।

१२८. जो निश्चयसे संसारस्थित जीव है, उसका अशुद्ध परिणाम होता है। उस परिणामसे कर्म उत्पन्न होता है, उससे शुभ और अशुभ गति होती है।

१२९. गतिकी प्राप्तिसे देह होती है, देहसे इन्द्रियाँ और इन्द्रियोंसे विषय ग्रहण होता है, और उससे राग-द्वेष उत्पन्न होते हैं।

१३०. संसारचक्रमें अशुद्ध भावसे परिभ्रमण करते हुए जीवोंमेंसे, कुछ जीवोंका संसार अनादि सांत है और किसीका अनादि अनन्त है ऐसा भगवान सर्वज्ञने कहा है।

१३१. जिसके भावोंमें अज्ञान, रागद्वेष और चित्तप्रसन्नता रहती है, उसके शुभ-अशुभ परिणाम होते हैं।

१३२. जीवको शुभ परिणामसे पुण्य होता है, और अशुभ परिणामसे पाप होता है। उससे शुभाशुभ पुद्गलके ग्रहणरूप कर्मत्व प्राप्त होता है।

१३३, १३४, १३ , १३६

१३७. तृषातुर, क्षुधातुर, रोगी अथवा अन्य दुःखी मनके जीवको देखकर उसका दुःख मिटानेकी प्रवृत्ति की जाय उसे 'अनुकंपा' कहते हैं।

१३८. क्रोध, मान, माया और लोभकी मीठाश जीवको क्षुभित करती है, और पाप भावको उत्पन्न करती है।

१३९. बहुत प्रमादवाली क्रिया, चित्तकी मलिनता, इन्द्रिय-विषयमें लोलुपता, दूसरे जीवोंको दुःख देना और उनकी निंदा करना इत्यादि आचरणोंसे जीव 'पापास्रव' करता है।

१४०. चार संज्ञा, कृष्णादि तीन लेश्या, इन्द्रियवशता, आर्त्त और रौद्र ध्यान, दुष्ट भाववाली धर्म क्रियामें मोह ये 'भाव-पापास्रव' हैं।

१४१. इन्द्रियों, कषाय और संज्ञाको जय करनेवाले कल्याणकारी मार्गमें जीव जिस समय रहता है उस समय उसके पापास्रवरूप छिद्रका निरोध हो जाता है ऐसा जानना चाहिये।

१४२. जिनको सब द्रव्योंमें राग, द्वेष और अज्ञान नहीं रहते, ऐसे सुख-दुःखमें समदृष्टिके स्वामी निर्ग्रंथ महात्माको शुभाशुभ आस्रव नहीं होता।

१४३. जिस संयमीको योगोंमें जब पुण्य-पापकी प्रवृत्ति नहीं होती तब उसको शुभाशुभ कर्मके कर्तृत्वका 'संवर' हो जाता है, 'निरोध' हो जाता है।

१४४. जो योगका निरोध करके तप करता है वह निश्चयसे अनेक प्रकारके कर्मोंकी निर्जरा करता है।

१४५. जो आत्मार्थका साधक संवरयुक्त होकर, आत्मस्वरूपको जानकर तद्रूप ध्यान करता है वह महात्मा साधु कर्मरजको झाड़ डालता है।

१४६. जिसको राग, द्वेष, मोह और योगपरिणमन नहीं है उसको शुभाशुभ कर्मोंको जलाकर भस्म कर देनेवाली ध्यानरूपी अग्नि प्रगट होती है।

१४७, १४८, १४९, १५०, १५१.

१५२ दर्शनज्ञानसे परिपूर्ण, अन्य द्रव्यके संसर्गसे रहित ऐसा ध्यान जो निर्जराहेतुसे करता है वह महात्मा 'स्वभावसहित' है।

१५३. जो संवरयुक्त सब कर्मोंकी निर्जरा करता हुआ वेदनीय और आयुकर्मसे रहित होता है, वह महात्मा उसी भवमें 'मोक्ष' जाता है।

१५४. जीवका स्वभाव अप्रतिहत ज्ञान-दर्शन है। उसके अनन्यमय आचरण (शुद्ध निश्चयमय स्थिर स्वभाव) को सर्वज्ञ वीतरागने 'निर्मल चारित्र' कहा है।

१५५. वस्तुतः आत्माका स्वभाव निर्मल ही है। गुण और पर्याय अनादिसे परसमयपरिणामी-रूपसे परिणत है, उस दृष्टिसे अनिर्मल है। यदि वह आत्मा स्वसमयको प्राप्त हो तो कर्मबन्धसे रहित होता है।

१५६. जो परद्रव्यमें शुभ अथवा अशुभ राग करता है वह जीव 'स्वचारित्र' से भ्रष्ट है और 'परचारित्र' का आचरण करता है, ऐसा समझें।

१५७. जिस भावसे आत्माको पुण्य अथवा पाप-आस्रवकी प्राप्ति होती है, उसमें प्रवृत्ति करनेवाला आत्मा परचारित्रका आचरण करता है, इस प्रकार वीतराग सर्वज्ञने कहा है।

१५८. जो सर्व संगसे मुक्त होकर अनन्यमयतासे आत्मस्वभावमें स्थित है, निर्मल ज्ञाता-द्रष्टा है, वह 'स्वचारित्र' का आचरण करनेवाला जीव है।

१५९. परद्रव्यमें अहंभावरहित, निर्विकल्प ज्ञानदर्शनमय परिणामी आत्मा है वह स्वचारित्रा-चरण है।

१६०. धर्मास्तिकायादिके स्वरूपकी प्रतीति 'सम्यक्त्व' है, बारह अंग और चौदह पूर्वका जानना 'ज्ञान' है, और तपश्चर्यादिमें प्रवृत्ति करना 'व्यवहार-मोक्षमार्ग' है।

१६१. उन तीनसे समाहित आत्मा, जहाँ आत्माके सिवाय अन्य किंचित् मात्र नहीं करता, मात्र अनन्य आत्मामय है वहाँ सर्वज्ञ वीतरागने 'निश्चय-मोक्षमार्ग' कहा है।

१६२. जो आत्मा आत्मस्वभावमय ज्ञानदर्शनका अनन्यमयतासे आचरण करता है, उसे वह निश्चय ज्ञान, दर्शन और चारित्र है।

१६३. जो यह सब जानेगा और देखेगा वह अव्याबाध सुखका अनुभव करेगा। इन भावोंकी प्रतीति भव्यको होती है, अभव्यको नहीं होती।

१६४. दर्शन, ज्ञान और चारित्र यह 'मोक्षमार्ग' है; इसके सेवनसे 'मोक्ष' प्राप्त होता है और (अमुक हेतुसे) 'बन्ध' होता है ऐसा मुनियोंने कहा है।

१६५.

१६६. अर्हंत, सिद्ध, चैत्य, प्रवचन, मुनिगण और ज्ञानकी भक्तिसे परिपूर्ण आत्मा बहुत पुण्य-का उपार्जन करता है, किन्तु वह कर्मक्षय नहीं करता।

१६७. जिसके हृदयमें अणुमात्र भी परद्रव्यके प्रति राग है, वह सभी आगमोंका ज्ञाता हो तो भी 'स्वसमय' को नहीं जानता, ऐसा समझें।

१६८.

१६९. इसलिये जो सर्व इच्छासे निवृत्त होकर निःसंग और निर्ममत्व होकर सिद्धस्वरूपकी भक्ति करता है वह निर्वाणको प्राप्त होता है।

१७०. जिसे परमेष्ठीपदमें तत्त्वार्थप्रतीतिपूर्वक भक्ति है, और निर्ग्रंथ-प्रवचनमें रुचिपूर्वक जिसकी बुद्धि परिणत हुई है और जो संयमतपसहित है, उसके लिये मोक्ष बिलकुल दूर नहीं है।

१७१. अर्हंत, सिद्ध, चैत्य और प्रवचनकी भक्तिपूर्वक यदि जीव तपश्चर्या करता है, तो वह अवश्य ही देवलोकको अंगीकार करता है।

१७२. इसलिये इच्छामात्रकी निवृत्ति करे, सर्वत्र किंचित्मात्र भी राग न करे, क्योंकि वीत-राग ही भवसागरको तर जाता है।

१७३. मैंने प्रवचनकी भक्तिसे प्रेरित होकर मार्गकी प्रभावनाके लिये प्रवचनके रहस्यभूत 'पंचास्तिकाय' के संग्रहरूप इस शास्त्रको कहा है।

इति पंचास्तिकायसमाप्तम्।

श्रीमद् राजचन्द्र आश्रम, अगास द्वारा संचालित

श्री परमश्रुतप्रभावक मण्डल (श्रीमद् राजचन्द्र जैन शास्त्रमाला) के

प्रकाशित ग्रन्थोंकी सूची

(१) गोम्मटसार जीवकाण्ड

श्री नेमिचन्द्रसिद्धान्तचक्रवर्तीकृत मूल गाथाएँ, श्री ब्रह्मचारी पं० खूबचन्दजी सिद्धान्तशास्त्रीकृत संस्कृत छाया तथा नयी हिन्दी टीका युक्त। अबकी बार पंडितजीने धवल, जयधवल, महाधवल और बड़ी संस्कृतटीकाके आधारसे विस्तृत टीका लिखी है। षष्ठावृत्ति।

मूल्य–तीस रुपये।

(२) गोम्मटसार कर्मकाण्ड

श्री नेमिचन्द्रसिद्धान्तचक्रवर्तीकृत मूल गाथाएँ, पं० मनोहरलालजी शास्त्रीकृत संस्कृत छाया और हिन्दी टीका। पं० खूबचन्दजी द्वारा संशोधित जैन सिद्धान्त-ग्रन्थ है। पंचमावृत्ति।

मूल्य–अट्ठाईस रुपये।

(३) स्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षा

स्वामिकार्तिकेयकृत मूल गाथाएँ, श्री शुभचन्द्रकृत बड़ी संस्कृत टीका तथा स्याद्वाद महाविद्यालय वाराणसीके प्रधानाध्यापक पं० कैलाशचन्द्रजी शास्त्रीकृत हिन्दी टीका। डॉ० आ० ने० उपाध्येकृत अध्ययनपूर्ण अंग्रेजी प्रस्तावना आदि सहित आकर्षक संपादन। द्वितीयावृत्ति।

मूल्य–उन्नीस रुपये।

(४) परमात्मप्रकाश और योगसार

श्री योगीन्दुदेवकृत मूल अपभ्रंश दोहे, श्री ब्रह्मदेवकृत संस्कृत टीका व पं० दौलतरामजीकृत हिन्दी टीका। विस्तृत अंग्रेजी प्रस्तावना और उसके हिन्दीसार सहित। महान् अध्यात्मग्रंथ। डॉ० आ० ने० उपाध्येका अमूल्य सम्पादन। नवीन चतुर्थ संस्करण।

मूल्य–अठारह रुपये।

(५) ज्ञानार्णव

श्री शुभचन्द्राचार्यकृत महान् योगशास्त्र। सुजानगढ़ निवासी पं० पन्नालालजी बाकलीवालकृत हिन्दी अनुवाद सहित। पंचमावृत्ति।

मूल्य–पच्चीस रुपये।

(६) प्रवचनसार

श्री कुन्दकुन्दाचार्य विरचित ग्रन्थरत्नपर श्री अमृतचन्द्राचार्य कृत तत्त्वप्रदीपिका एवं श्री जयसेनाचार्यकृत तात्पर्यवृत्ति नामक संस्कृत टीकाएँ तथा पांडे हेमराजजी रचित बालावबोधिनी भाषा टीका। डॉ० आ० ने० उपाध्येकृत अध्ययनपूर्ण अंग्रेजी अनुवाद तथा विशद प्रस्तावना आदि सहित आकर्षक सम्पादन। चतुर्थावृत्ति।

मूल्य–छत्तीस रुपये।

(७) बृहद्द्रव्यसंग्रह

आचार्य नेमिचन्द्रसिद्धान्तिदेवविरचित मूल गाथाएँ, संस्कृत छाया, श्री ब्रह्मदेवविनिर्मित संस्कृतवृत्ति और पं० जवाहरलाल शास्त्रीप्रणीत हिन्दीभाषानुवाद। षड्द्रव्यसप्ततत्त्वस्वरूपवर्णनात्मक उत्तम ग्रन्थ। चतुर्थावृत्ति।

मूल्य–बारह रुपये पचास पैसे।

(८) पुरुषार्थसिद्ध्युपाय

श्री अमृतचन्द्रसूरिकृत मूल श्लोक । पं० टोडरमल्लजी तथा पं० दौलतरामजीकी टीकाके आधारपर पं० नाथूरामजी प्रेमी द्वारा लिखित नवीन हिन्दी टीका सहित । श्रावकमुनिधर्मका चित्तस्पर्शी अद्भुत वर्णन । षष्ठावृत्ति । मूल्य—पाँच रुपये ।

(९) पञ्चास्तिकाय

श्री कुन्दकुन्दाचार्यविरचित अनुपम ग्रन्थराज । श्री अमृतचन्द्राचार्यकृत 'समयव्याख्या' (तत्त्वप्रदीपिका वृत्ति) एवं श्री जयसेनाचार्यकृत 'तात्पर्यवृत्ति' नामक संस्कृत टीकाओंसे अलंकृत और पांडे हेमराजजी रचित बालावबोधिनी भाषाटीकाके आधारपर पं० पन्नालालजी बाकलीवालकृत प्रचलित हिन्दी अनुवाद सहित । चतुर्थावृत्ति । मूल्य—बत्तीस रुपये ।

(१०) स्याद्वादमञ्जरी

कलिकालसर्वज्ञ श्री हेमचन्द्राचार्यकृत अन्ययोगव्यवच्छेदद्वात्रिंशिका तथा श्री मल्लिषेणसूरिकृत संस्कृत टीका । श्री जगदीशचन्द्र शास्त्री एम० ए० पी० एच० डी० कृत हिन्दी अनुवाद सहित । न्यायका अपूर्व ग्रन्थ है । बड़ी खोजसे लिखे गये ८ परिशिष्ट हैं । चतुर्थावृत्ति । मूल्य—इक्कीस रुपये ।

(११) इष्टोपदेश

श्री पूज्यपाद-देवनन्दि आचार्यकृत मूल श्लोक, पंडितप्रवर श्री आशाधरकृत संस्कृतटीका, पं० धन्यकुमारजी जैनदर्शनाचार्य एम० ए० कृत हिन्दीटीका, बैरिस्टर चम्पतरायजीकृत अंग्रेजी टीका तथा विभिन्न विद्वानों द्वारा रचित हिन्दी, मराठी, गुजराती एवं अंग्रेजी पद्यानुवादों सहित भावबाही आध्यात्मिक रचना । तृतीय आवृत्ति । मूल्य—बारह रुपये ।

(१२) लब्धिसार (क्षपणासार गर्भित)

श्री नेमिचन्द्रसिद्धान्तचक्रवर्तीरचित करणानुयोग ग्रन्थ । पंडितप्रवर टोडरमल्लजीकृत बड़ी टीका सहित । श्री फूलचन्द्रजी सिद्धान्तशास्त्रीका अमूल्य सम्पादन । द्वितीयावृत्ति । मूल्य—तेंतालीस रुपये ।

(१३) द्रव्यानुयोगतर्कणा

श्री भोजकवि कृत मूल श्लोक तथा व्याकरणाचार्य ठाकुरप्रसादजी शर्माकृत हिन्दी अनुवाद । द्वितीयावृत्ति । मूल्य—ग्यारह रुपये पचीस पैसे ।

(१४) न्यायावतार

महान् तार्किक आचार्य श्री सिद्धसेन दिवाकरकृत मूल श्लोक व जैनदर्शनाचार्य पं० विजयमूर्ति एम०ए० कृत श्री सिद्धर्षिगणिकी संस्कृतटीकाका हिन्दीभाषानुवाद । न्यायका सुप्रसिद्ध ग्रन्थ है । द्वितीयावृत्ति । मूल्य—छः रुपये ।

(१५) प्रशमरतिप्रकरण

आचार्य श्री उमास्वातिविरचित मूल श्लोक, श्री हरिभद्रसूरिकृत संस्कृतटीका और पं० राजकुमारजी साहित्याचार्य द्वारा सम्पादित सरल अर्थ सहित वैराग्यका बहुत सुन्दर ग्रन्थ है । प्रथमावृत्ति । मूल्य—छः रुपये ।

(१६) सभाष्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्र (मोक्षशास्त्र)

श्री उमास्वातिकृत मूलसूत्र और स्वोपज्ञ भाष्य तथा पं० खूबचन्दजी सिद्धान्तशास्त्रीकृत विस्तृत भाषा-टीका। तत्त्वोंका हृदयग्राह्य गम्भीर विश्लेषण। द्वितीयावृत्ति। मूल्य–छः रुपये।

(१७) सप्तभंगीतरंगिणी

श्री विमलदासकृत मूल और पंडित ठाकुरप्रसादजी शर्मा कृत भाषाटीका। न्यायका महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ तृतीयावृत्ति। मूल्य–छः रुपये।

(१८) समयसार

आचार्य श्री कुन्दकुन्दाचार्य विरचित महान् अध्यात्म ग्रन्थ। आत्मख्याति, तात्पर्यवृत्ति, आत्मख्याति-भाषावचनिका–इन तीन टीकाओं सहित तथा पं० पन्नालालजी साहित्याचार्य द्वारा सम्पादित। तृतीयावृत्ति। मूल्य–बत्तीस रुपये।

(१९) इष्टोपदेश

मात्र अंग्रेजी टीका व पद्यानुवाद। मूल्य–पचहत्तर पैसे।

(२०) परमात्मप्रकाश

मात्र अंग्रेजी प्रस्तावना व मूल गाथाएँ। मूल्य–दो रुपये।

(२१) योगसार

मूल गाथाएँ व हिन्दी सार। मूल्य–पचहत्तर पैसे।

(२२) कार्तिकेयानुप्रेक्षा

मूल्य गाथाएँ और अंग्रेजी प्रस्तावना। मूल्य–दो रुपये पचास पैसे।

(२३) प्रवचनसार

अंग्रेजी प्रस्तावना, प्राकृत मूल, अंग्रेजी अनुवाद तथा पाठांतर सहित। मूल्य–पाँच रुपये।

(२४) अष्टप्राभृत

श्री कुन्दकुन्दाचार्य विरचित मूल गाथाओंपर श्री रावजीभाई देसाई द्वारा गुजराती गद्य पद्यात्मक भाषान्तर। मूल्य–दो रुपये।

(२५) मोक्षमाला (भावनाबोध सहित)

श्रीमद् राजचन्द्रकृत मूल गुजराती ग्रन्थका श्री हंसराजजीकृत हिन्दी अनुवाद। इसमें जैन धर्मको यथार्थ समझानेका प्रयास किया गया है। भाषाशैली बहुत सुन्दर और सरल है। इसमें १०८ शिक्षापाठ हैं। साथमें भावनाबोधमें बारह भावनाओंका सुन्दर दृष्टान्तसहित वर्णन है। तृतीयावृत्ति मूल्य–छः रुपये।

(२६) क्रियाकोष

कवि किशनसिंह विरचित श्रावककी त्रेपन क्रियाओंका सविस्तर वर्णन करनेवाली पद्यमय रचना। श्री पन्नालालजी साहित्याचार्यकृत हिन्दी अनुवाद सहित। मूल्य–छब्बीस रुपये।

अधिक मूल्यके ग्रन्थ मँगानेवालोंको कमीशन दिया जायेगा। इसके लिये वे हमसे पत्र व्यवहार करें।

श्रीमद् राजचंद्र आश्रमकी ओरसे

प्रकाशित ग्रंथ

गुजराती भाषामें—

१. श्रीमद् राजचंद्र २. मोक्षमाला (भावनाबोध सहित) ३. तत्त्वज्ञान ४. पत्रशतक ५. आत्मसिद्धिशास्त्र ६. आत्मसिद्धि विवेचन ७. सुबोध संग्रह ८. श्रीमद् राजचंद्र जीवनकला ९. श्रीमद् राजचंद्र आत्मकथा १०. उपदेशछाया ११. श्रीमद् लघुराज स्वामी (प्रभुश्री) उपदेशामृत १२. नित्यक्रम १३. नित्यनियमादि पाठ (भावार्थसहित) १४. समाधिसोपान (रत्नकरण्डश्रावकाचारके विशिष्ट स्थलोंका अनुवाद) १५. आठ दृष्टिनी सज्झाय (भावार्थ सहित) १६. आलोचनादि पद संग्रह १७. आलोचनादि पद संग्रह (संक्षिप्त) १८. ज्ञानमंजरी १९. सहज सुख साधन २०. धर्मामृत (अप्राप्य) २१. समयसार (अप्राप्य) २२. पूजासंचय २३. तत्त्वज्ञानतरंगिणी २४. परमात्मप्रकाश २५. सुवर्ण महोत्सव (आश्रम परिचय) २६. पूजादि स्मरणांजलि काव्यो।

हिंदी अनुवाद

१. श्रीमद् राजचंद्र २. उपदेशछाया ३. श्रीमद्राजचंद्र जीवनकला ४. नित्यनियमादि पाठ (भावार्थयुक्त)

बालबोध लिपिमें (भाषा गुजराती, लिपि हिंदी)

१. नित्यक्रम २. तत्त्वज्ञान

अन्य

१ A Great Seer

आश्रमके गुजराती प्रकाशनोंका पृथक् सूचीपत्र मंगाइये। सभी ग्रन्थोंपर डाकखर्च अलग रहेगा।

: प्राप्तिस्थान :

१. श्रीमद् राजचन्द्र आश्रम,
स्टेशन–अगास; पोस्ट–बोरिया
वाया–आणंद (गुजरात)
पिन : ३८८१३०

२. श्री परमश्रुत प्रभावक मण्डल,
(श्रीमद् राजचन्द्र जैन शास्त्रमाला)
चोकसी चेम्बर, खारा कुंवा, जौहरी बाजार
बम्बई–४००००२